



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 131 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 10 फरवरी 2026 डाक 11 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।



**देश-विदेश**
भारत और ग्रीस ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के संयुक्त घोषणा पत्र को दी मंजूरी



**फीचर पेज**
सीजन के अंत में पैक करने से पहले ऐसे साफ करें ऊनी कपड़े, नहीं आएगी दुर्गंध



### कर्नाटक में खेला तय!

## कांग्रेस विधायक का दावा- 80 से 90 कांग्रेस विधायक चाहते हैं शिवकुमार बनें सीएम



**कर्नाटक, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के अंदर अंतर्कलह दिनों दिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने अपने पिता सिद्धारमैया को लेकर कहा था कि वो पूरे पांच साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि सीएम बदलने का मुद्दा अब खत्म हो गया है। इस बीच अब कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी के 80 से 90 विधायकों ने मुख्यमंत्री पद के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम हाई कमान को दिया है।

न्यूज एजेंसी से बात करते हुए इकबाल हुसैन ने कहा, हमने यह मामला हाई कमांड पर छोड़ दिया है। 80-90 विधायकों ने हाई कमांड से डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री पद के लिए मौका देने का अनुरोध किया है। हम एक अनुशासित पार्टी हैं और हमें शालीनता से व्यवहार करना होगा। हमें यह पसंद नहीं है कि वह (यतींद्र सिद्धारमैया) बार-बार अपने पिता के पक्ष में बोलकर आलाकमान को शर्मिंदा कर रहे हैं। हर पिता अपने बेटे से प्यार करता है, और बेटा अपने पिता से, लेकिन राजनीति में हमें अनुशासन से काम लेना होता है। इस तरह के बयानों से दूसरों को उकसाना नहीं चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी के मन में यही इच्छा है कि डीके शिवकुमार को मौका दिया जाए। हर कोई यही चाहता है, लेकिन हमें बयानबाजी से कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए, इसीलिए सब चुप हैं और कुछ लोग आपस में बात कर रहे हैं। मैं खुले दिल से, जैसा कि मैंने पहले दिन से कहा है यही मेरी इच्छा है कि डीके शिवकुमार को इसी कार्यकाल में मौका दिया जाए।

वहीं कांग्रेस एमएलसी चन्नाराज हट्टीहोली ने भी कहा कि मेरी इच्छा है कि डीके शिवकुमार इस कार्यकाल में जल्द ही मुख्यमंत्री बनें। पिछले हफ्ते यतींद्र सिद्धारमैया ने कहा था कि कांग्रेस हाई कमान ने सिद्धारमैया को पूरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहने की हरी झंडी दे दी है। वहीं यतींद्र के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसे बयान पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने यह बयान दिल्ली में एक पार्टी बैठक के लिए रवाना होने से पहले दिया। उन्होंने कहा कि वे आगामी राज्य चुनावों पर एआईसीसी की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं। शिवकुमार ने पत्रकारों से कहा, आज मेरी एआईसीसी में विभिन्न चुनावों से संबंधित राजनीतिक मामलों पर बैठक है, इसलिए मैं (दिल्ली) जा रहा हूं। एआईसीसी ने मुझे बुलाया है क्योंकि तारीखों की घोषणा होनी बाकी है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें कोई भ्रम नहीं है। जब दूसरे लोग मेरे पक्ष में या किसी विधायक या मंत्री के खिलाफ बयान देते हैं या राय देते हैं, तो इससे पार्टी को नुकसान होता है।

## नीतीश-राबड़ी की नोकझोंक, श्याम रजक का 'देवर-भौजाई' तंज और नीतिन नवीन की एंट्री... बजट सत्र में सियासी घमासान

**पटना 10 फरवरी [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन भी सदन का माहौल गर्म रहा। विपक्ष ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। हंगामे, आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही। मंगलवार को चनपटिया से कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन बिहार सरकार का पुतला लेकर सदन पहुंचे। पुतले पर हालिया अपराधों की सूची चस्पा की गई थी, चूड़ियां पहनाई गई थीं और पोस्टर पर लिखा था-माफी चाहते हैं, हम बिहार की बेटियों को न्याय नहीं दिला पा रहे। इस प्रतीकात्मक विरोध ने सत्ता पक्ष को असहज कर दिया।

विपक्ष का आरोप है कि राज्य में अपराध बेलगाम हैं, खासकर महिलाओं के खिलाफ घटनाएं बढ़ी हैं। इसी मुद्दे को लेकर विपक्ष वेल में उतर आया और चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। सत्तारूढ़ दल ने जवाब में कार्रवाई और प्रशासनिक



प्रयासों का हवाला दिया। विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच हुई तीखी नोकझोंक की गूंज मंगलवार को भी सुनाई दी। राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री पर तीखे शब्दों में हमला बोला, वहीं नीतीश कुमार की टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने आपत्ति जताई।पूर्व मंत्री और जदयू नेता श्याम रजक ने इस बहस को देवर-भौजाई के बीच की बात बताकर राजनीतिक तंज कसा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं और सिर्फ चेहरा चमकाने की कोशिश हो रही है। साथ ही दावा किया कि अपराध पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

इधर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दोपहर 12 बजे विधानसभा पहुंचने की सूचना से सत्तारूढ़ खेमे में हलचल दिखी। मुख्य द्वार पर सभी सचेतकों के स्वागत के बाद उन्हें सदन में लाया जाएगा, जिससे राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। कार्यवाही में प्रश्नोत्तर काल के साथ खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर जवाब दिए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न समितियों की रिपोर्ट और वार्षिक प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे जाएंगे। दूसरे सत्र में बिहार नगरपालिका विधि सेवा नियमावली 2025 और योजना सेवा नियमावली 2025 प्रस्तुत होंगी। सेकंड हाफ में वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय से जुड़ी अनुदान मांगों पर वाद-विवाद होगा। कुल मिलाकर, आज भी सदन में सियासी तापमान ऊंचा रहने के आसार हैं।

### केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाका, दहल उठा पूरा इलाका


**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र में मेहरून इंडस्ट्री केमिकल फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि करीब 5 किलोमीटर दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी और आसपास का क्षेत्र दहल उठा। धमाके के साथ ही फैक्ट्री परिसर से काले धुएं का विशाल गुबार उठने लगा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग भड़क उठी और केमिकल की तीखी दुर्गंध से आसपास के लोग परेशान हो गए।

## आरएसएस चीफ को पीएम मोदी से बात रखनी चाहिए सावरकर को भारतरत्न देने की मांग पर संजय राउत का बयान



**मुंबई।** शिवसेना के राज्यसभा सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को भाषणों में मुद्दा उठाने के बजाय भाजपा सरकार से सीधे विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने के लिए कहना चाहिए। राउत ने कहा, 'जब केंद्र में उनकी ही सरकार है और स्वयंसेवक सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर हैं, तो सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाता , लाखों स्वयंसेवकों ने इस सरकार को सत्ता में लाने के लिए काम किया है। मोहन भागवत को यह बात सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कहनी चाहिए, न कि मंच से भाषण में।' यह मुद्दा तब प्रमुखता में आया जब आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में 100 ईयर्स ऑफ संघ जर्नी-न्यू होराइजन्स कार्यक्रम में कहा कि सावरकर को भारत रत्न देने से इस सम्मान की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राउत ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के ढांचे की भी आलोचना की और अच्छे दिन नहीं आने के लिए संघ को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को तो अच्छे दिन मिले, लेकिन देश को नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका की शर्तों के आगे झुक गया है और इसकी जिम्मेदारी संघ नेतृत्व को लेनी चाहिए।

## अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी मुश्किल में,एक्शन में ईडी



**नईदिल्ली 10 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी को मनी लॉन्ड्रिंग जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा था। हालांकि, टीना अंबानी सोमवार को जांच के लिए पेश नहीं हुई. अब ईडी उन्हें नया समन भेजने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, टीना अंबानी को अब जल्द ही नया समन जारी किया जाएगा। यह जांच अनिल अंबानी और ग्रुप की कंपनियों से जुड़े 40,000 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है, जिसके लिए ईडी ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप और उससे जुड़ी कंपनियों से जुड़े 40,000 करोड़ रुपये के कथित बैंकिंग और कॉर्पोरेट फ्रॉड की जांच के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है।

### कसाई-तंत्र को चढ़ाया जा रहा पांच करोड़ का सरकारी तिलक : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



**वाराणसी 10 फरवरी।** एक ओर जहां किसान त्रस्त है, वहीं शासन प्रदेश के कई विशाल कसाईखानों को 35 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान और पांच-पांच करोड़ रुपये तक की नकद सहायता दे रहा है। जिस करदाता के पैसों से गो-रक्षा होनी थी, उसी पैसे से वधशालाओं में संहार की मशीनें लगवाई जा रही हैं। उस केंद्रीय बजट का स्वागत, समर्थन करते हुए ऐतिहासिक बताया जा रहा जिसमें मांस निर्यातकों को पहले से बढ़ाकर की गई तीन प्रतिशत की अतिरिक्त ड्यूटी-फ्री छूट का उपहार दिया गया है। ये आरोप हैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के। उन्होंने केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सवाल उठाया कि क्या जीव-हिंसा को बढ़ावा देने वाला बजट ऐतिहासिक विकास का पैमाना हो सकता है। यह सिद्ध करता है कि शासन की प्राथमिकता धर्ममर्यादा नहीं, बल्कि मांसलमुद्रा है।

## जनरल नरवणे की किताब पर रार के बीच बोले राहुल, मुझे पूर्व सेनाध्यक्ष पर पूरा भरोसा है

**नई दिल्ली 10 फरवरी ।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि नरवणे की किताब अमेजन पर उपब्ध है। पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे (रिटायर्ड) की किताब के कथित सर्कुलेशन की जांच के लिए दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसके अलावा पब्लिकेशन हाउस पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने भी कहा है कि अभी किताब पब्लिश नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यहां मिस्टर नरवणे का एक ट्वीट है जिसमें लिखा है - बस मेरी किताब के लिंक




को फॉलो करें। मैं जो कहना चाह रहा हूं वह यह है कि या तो मिस्टर नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन झूठ बोल रहा है। मुझे नहीं लगता कि पूर्व आर्मी चीफ झूठ बोलेंगे। पेंगुइन का कहना है कि किताब पब्लिश नहीं हुई है। लेकिन किताब Amazon पर उपलब्ध है। जनरल नरवणे ने ट्वीट किया है, प्लीज़ 2023 में मेरी किताब खरीदें।

कांग्रेस सांसद ने कहा, मुझे पेंगुइन से ज्यादा नरवणे जी पर भरोसा है। क्या आपको नरवणे जी से ज्यादा पेंगुइन पर भरोसा है। मुझे लगता है कि नरवणे जी ने अपनी किताब में कुछ ऐसी बातें कही हैं जो भारत सरकार और भारत के प्रधानमंत्री के लिए असुविधाजनक हैं। जाहिर है, आपको तय करना होगा कि पेंगुइन सच बोल रहा है या पूर्व आर्मी चीफ।

## एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया जहर

### सामूहिक आत्महत्या से फैली सनसनी, दीवार पर लिखे ये शब्द



**मथुरा।** मथुरा के महावन क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। तहसील महावन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खप्पर पुर की ये घटना है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ जान दे दी। आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट भी लिखा गया। सूचना मिलते ही एसएसी और डीआईजी मौके पर पहुंच गए हैं। इस परिवार के आत्महत्या के पीछे की आखिर वजह क्या रही, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। घर के अंदर परिवार के सभी लोगों की लाशें मिलीं हैं। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार घर के अंदर दीवार पर लिखा है कि अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं।

## बिहार विधान परिषद में सीएम का माइक बंद करने पर बवाल अशोक चौधरी ने कहा- नीतीश जिसे देख दें, वह भस्म हो जाएगा

**पटना, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

दरभंगा में 6 साल की बच्ची के रेप केस को लेकर बिहार विधान परिषद में हंगामे के बीच अशोक चौधरी का एक बयान वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिसको देख दें, वह भस्म हो जाएगा। आखिर अशोक चौधरी ने ये बात किसके लिए कही, जानेंगे इस स्टोरी में... दरअसल, दरभंगा रेप केस में विधान परिषद में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने सदन के अंदर खूब हंगामा किया। इस दौरान सभी MLC वेल के पास तक पहुंच गए थे। वो डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का इस्तीफा मांग रहे थे। हंगामा बढ़ता देख सीएम नीतीश कुमार ने मोर्चा संभाला और सीधे



राजद पर हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि लोगों ने कोई काम नहीं किया है और फालतू में आरोप लगा रहे हैं। इस दौरान नीतीश कुमार और लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी के बीच तू-तू मैं भी हो गई। जिस पर खूब हंगामा हुआ। कहा जा रहा है कि तभी नीतीश कुमार का माइक बंद कर दिया गया। आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह ने सवाल उठाते हुए पूछा कि किसके इशारे पर नीतीश कुमार का माइक बंद किया गया? कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार का माइक किसी मंत्री के इशारे पर बंद किया गया था।

इस पर जब अशोक चौधरी से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि किसी मंत्री की इतनी औकात नहीं है कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का माइक बंद करा दे। नीतीश कुमार एक बार किसी को जोर से देख भी लें तो वह भस्म हो जाएगा, खासकर मंत्री। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग खुद अपनी महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पाए। अपनी बहू-बेटी की सुरक्षा नहीं कर पाए, वो विधान परिषद में महिला सुरक्षा पर सवाल हाय-हाय कर रहे हैं।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग केस: मैकेनिक की आड़ में बिश्नोई गैंग के लिए हथियार सप्लाई करता था आरोपी आसाराम

**नईदिल्ली 10 फरवरी [एजेंसी]।**

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी के घर गोलीबारी कांड में अब मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़े खुलासे किए हैं। मामले में क्राइम ब्रांच ने ये स्पष्ट किया है कि शूटर्स के निशाने पर रोहित शेट्टी ही थे। साथ ही क्राइम ब्रांच ने आरोपी हथियार सप्लायर और बिश्नोई गैंग का आपस में कनेक्शन स्पष्ट किया है। ये भी पता चला है कि किस तरह से सप्लायर ने वो हथियार भेजे थे, जिनसे बाद में रोहित शेट्टी के घर गोलीबारी की गई। मामले में जांच करते हुए मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि रोहित शेट्टी के घर पर हुई गोलीबारी की घटना में आरोपी हथियार सप्लायर आसाराम फासले पिछले चार साल से बिश्नोई गिरोह के लिए गैराज मैकेनिक के तौर पर काम कर रहा था। वह बाबा सिद्दीकी हत्याकांड और रोहित शेट्टी गोलीबारी मामले के कथित मास्टरमाइंड शुभम लोनकर के प्रभाव में आकर इस गिरोह में शामिल हुआ था। क्राइम ब्रांच का दावा है कि आसाराम फासले ने शुभम लोनकर के



निर्देश पर स्वप्निल सकत को हथियार सौंपे थे।

इन्हीं का इस्तेमाल बाद में अज्ञात शूटर ने रोहित शेट्टी के घर हुई गोलीबारी में किया था। मामले में पुलिस ने 5 फरवरी को आरोपी आसाराम फसाले को गिरफ्तार किया था। पहले से गिरफ्तार चार आरोपियों में से आसाराम फसाले की सीधी पहचान स्वप्निल सकट से थी, जो शुभम लोंकर के जरिए कराई गई थी। क्राइम ब्रांच को यह भी जानकारी मिली है कि आसाराम के गैंग से जुड़े होने की भनक उसके कुछ करीबी लोगों को थी। हालांकि, वे लोग कौन हैं और क्या उनका भी लॉरेंस गैंग से कोई सीधा कनेक्शन है, इस एंगल से पुलिस अब जांच कर रही है।

### हमला करो, बातचीत नहीं, ट्रंप से अपील के बाद ईरान के व्यक्ति ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली 10 फरवरी।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के बीच एक ईरानी व्यक्ति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसने इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से अपील की गई कि ईरान के शासन के साथ कोई डील नहीं की जाए। 10 मिनट और 44 सेकंड के वीडियो में पौरिया हामिदी ने कहा कि उसकी अपील का मकसद ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर हो रही जानलेवा कार्रवाई की ओर ध्यान खींचना था। साथ ही उसने ईरानी शासन को लेकर विदेशी दखल की भी मांग की।



## संकल्प शक्ति से दूर होगा परीक्षा का डर: प्राचार्य

**कोरबा।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 कोरबा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य बी. एस. अहीरे, जी. आर. जांगड़े सहित शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं 12वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।
सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। इस अवसर पर प्राचार्य अहीरे ने 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। श्री संजय कुमार राजपूत ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन स्तुति, अन्वेषा गुहा, पियूष वर्मा एवं अक्षित सोनी ने किया।

## जिला स्तरीय पशु मेला सलियाभाटा में , दिए गए पुरस्कार

**कोरबा।** जिला पशु विभाग की ओर से कोरबा ग्राम सलियांभाठा में विभागीय गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को पशु पालन की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को जिला स्तरीय पशु मेला - प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के उन्नत नस्ल के पशु - पक्षियों का उत्कृष्ट प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में पशुपालकों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक पशुपालको ने पशु पक्षियों का प्रदर्शन किया गया। उन्नत पशुओं के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहन स्वरुप अथितियों के करकमलों से पुरुस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम विकासखंड कोरबा अर्तरगत ग्राम सलिहाभांठा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अथिति के रुप में जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, फूलसिंह राठिया विधायक विधानसंभा क्षेत्र रामपुर, अध्यक्षता अमिलाबाई कंवर सरपंच ग्राम सलिहाभांठा, विशिष्ट अथिति के रुप में विनय कंवर अध्यक्ष जिला गौधाम समिति, सुष्मिता कमलेश अनंत जिला पंचायत सदस्य, सावित्री अजय कंवर, सदस्य जिला पंचायत कोरंबा, बिजमोती राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत कोरबा शामिल हुए।

## 16 फरवरी को वितरित होगी बोर्ड परीक्षा 2026 की गोपनीय सामग्री

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री वितरण के जारी निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि सभी आगामी 16 फरवरी 2026 (सोमवार) को प्रात: 10:00 बजे समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा, कोरबा में उपस्थित होकर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सामग्री प्राप्त करने के तुरंत बाद उसे संबंधित थाना या चौकी में सुरक्षित जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में समय-सीमा और गोपनीयता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मुख्य परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



## 'जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी दूरस्थ वनांचल से लेकर शहरी क्षेत्रों तक की समस्याएं

**कोरबा** जिला कार्यालय कोरबा में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों एवं शहरी अंचलों से आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक सुना। प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आवेदकों द्वारा क्रमवार अपने आवेदन प्रस्तुत किए गए तथा अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री दुदावत ने ट्राइसाइकिल एवं राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों को खाद्य विभाग को प्रेषित करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग को ट्राइसाइकिल संबंधी आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को प्रदाय करने के निर्देश दिए गए।

जनदर्शन में भूमि को कब्जामुक्त कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), केवाईसी, मुआवजा, संविदा एवं अनुकम्पा नियुक्ति, सीमांकन तथा भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।बरबसपुर क्षेत्र में राखड़ डंपिंग के कारण खेतों में जलभराव की समस्या को लेकर जवाहर लाल डहरिया द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि राखड़ डंपिंग सेकृषि भूमि प्रभावित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर मामले की जांच करने एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।नगर निगम अंतर्गत मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात भुगतान नहीं होने की शिकायत को लेकर ठेकेदार अरविंद कुमार ने आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्रकरण को संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए नियमानुसार परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।हरदीबाजार निवासी लेखराम राठौर द्वारा एसईसीएल भूमि मुआवजा संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया कि मुआवजा प्रक्रिया में भूमि मापन (मेजरमेंट) एक आवश्यक और महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भूमि मापन कार्य पूर्ण कराकर 15 दिवस के भीतर आगे की मुआवजा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।राताखार स्थित दुर्गा चौक में जर्जर विद्युत पोल से दुर्घटना की आशंका को लेकर माडू राम ने आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवेदन प्रेषित कर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।बगदरा ग्राम पंचायत, जेमरा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्य प्रारंभ कराने एवं फसल क्षति से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया।

# सुशांत बोले ,विकसित भारत के लिए बजट में काफी अच्छे प्रावधान

### जिला भाजपा कार्यालय में संगठन ने रखा युवा संवाद कार्यक्रम

**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरबा द्वारा युवाओं को केंद्र सरकार के बजट से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में भव्य 'बजट युवा संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस संवाद में लगभग 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बजट के प्रावधानों, रोजगार अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला जी रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी जी के अध्यक्षता में आयोजित संवाद के दौरान युवाओं को रोजगार सृजन, शिक्षा, स्टार्टअप, कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा युवाओं से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके सुझाव और अपेक्षाएं भी जानी गईं।
मुख्य वक्ता श्री सुशांत शुक्ला जी ने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास' के मंत्र के साथ 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपए, देश में रोजगार सृजन हेतु 1 लाख करोड़ रुपए, कौशल उन्नयन के लिए 25 हजार करोड़ रुपए और उद्योग स्थापना को बढ़ावा देने हेतु 40 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है



और युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर तैयार किए जा रहे हैं।
श्री सुशांत शुक्ला जी आंगे बताया की यह बजट किसान की आय बढ़ाने वाला बजट है, भारत को विकसित भारत बनाने वाला बजट है, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाला बजट है, भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने वाला बजट है व्यापारियों को टैक्स के झंझटों से राहत देने वाला बजट है महिलाओं को समान अवसर देने वाला बजट हैं।
अधोसंरचना और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर - श्री लखनलाल देवांगन
केबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव-गांव तक विकास पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, छत्तीसगढ़ के लिए 900 करोड़ रुपए का विशेष बजट, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3 लाख 10 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ते हुए विकास की गति को और तेज करेगा।
कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट युवाओं को अवसरों से जोड़ने वाला बजट है, जिससे शहर और प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। वहीं वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।
बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रहे उपस्थित
इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा जितेंद्र देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल पटेल, जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, नवदीप नंदा, जिला मंत्री सतीश झा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा वैभव शर्मा, जिला महामंत्री मोंटी पटेल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति स्वर्णकार, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय चंद्रा, राजेंद्र अग्रवाल, शैलेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन युवाओं के उत्साह, संवाद और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## रामपुर आंगनवाड़ी में शुरू हुआ वजन त्यौहार

**कोरबा।** आंगनबाड़ी केन्द्र रामपुर-1 (शहरी) में वजन त्यौहार 2026 का शुभारंभ जिलाधिकारी कुणाल दुदावत ने सोमवार को किया। उन्होंने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, सही वजन-ऊँचाई मापन तथा टीकाकरण पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बालगीतों की प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद कर रंगों, फलों और सब्जियों के माध्यम से पोषण की जानकारी दी तथा सहभागिता के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, कुपोषण और टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली।यहां दो शिशुओं का वजन और ऊँचाई मापी गई तथा सभी हितग्राहियों को संतुलित आहार, पोषण, टीकाकरण और बच्चों की नियमित निगरानी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम में 0 से 6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती महिलाएँ, शिशुवती माताएँ, किशोरियाँ, आंगनबाड़ी स्टाफ, मितानिन एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।



# ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन, 7 घंटे की सर्जरी से महिला को मिला नया जीवन

**कोरबा।** ब्रेन ट्यूमर से जुड़ा एक मामला न्यू कोरबा हॉस्पिटल में आया, जिसका सफल ऑपरेशन कर न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी प्रगदा ने मरीज की जान बचा ली। 47 वर्षीय ममता(बदला हुआ नाम) क्स्टसीरा कोरबा निवासी अचानक झटके, बार-बार उल्टी की शिकायत व चक्कर के कारण वह बेहोश हो गयी। परिजन उन्हें बेहोशी की हालत में न्यू कोरबा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए आईसीयू में रखा गया। मस्तिष्क का एमआरआई करने पर पता चला कि ब्रेन के दायें हिस्से में गेंद के आकार का बड़ा गांठ बना हुआ था, जिसे मेनिंजियोमा ट्यूमर कहते हैं। जो मस्तिष्क पर अत्याधिक दबाव डाल रहा था। गांठ को परिवार के लोग देखकर हैरान रह गए। परिजनों ने तब राहत की सांस ली जब न्यूरोसर्जन ने ऑपरेशन हो जाने की बात कही। न्यूरोसर्जन ने एनेस्थेटिस्ट व ओटी टीम के साथ 7 घंटे तक ऑपरेशन किया जो पूर्णत: सफल रहा, मरीज़ की हालत में धीरे-धीरे लगातार सुधार आता गया, बातचीत करने लगी और किसी भी प्रकार के दौरे व उल्टी की तकलीफ नहीं हुयी। न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट के प्रयास से मरीज को चलाया-फिराया गया। मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और अब वह स्वस्थ है। मरीज के परिजनों ने डॉ. शिवानी सहित न्यू कोरबा हॉस्पिटल टीम का आभार जताया है। न्यूरोसर्जन ने बताया कि न्यू कोरबा हॉस्पिटल अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है, जहां हर प्रकार के ब्रेन संबन्धी समस्याओं का सफल उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर का इलाज दवाइयों से संभव नहीं होता, इसका प्रभावी उपचार समय पर सर्जरी है, जिससे बेहतर परिणाम मिलते हैं। अस्पताल में न्यूरो केयर विभाग अंतर्गत न्यूरोसर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरो साइकियाट्रिस्ट एवं न्यूरो फिजिशियन विशेषज्ञ उपलब्ध हैं, जिससे न्यूरो से संबंधित सभी उपचार एक ही स्थान पर संभव हो पाते हैं। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि यह केस ह्य॥ सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की उन्नत चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों और आपातकालीन न्यूरोसर्जरी क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोरबा में कैथलैब की शुरुआत कर हृदय रोगियों को राहत दी गई, उसी तरह अब न्यूरो केयर डिपार्टमेंट की शुरुआत की गई है। यहां 24 घंटे न्यूरो से जुड़ी गंभीर समस्याओं का त्वरित निदान और उपचार मिल रहा है। इससे कोरबा एवं आसपास के मरीजों को अब इलाज के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।



# दादरखुर्द में बैंक अधिकारी के मकान में चोरी, मां-बेटा गिरफ्तार

### 11 लाख से अधिक के जेवरात बरामद

कोरबा। पुलिस सहायता केंद्र मानीकपुर एवं थाना कोतवाली कोरबा पुलिस ने दादर खुर्द क्षेत्र में सूने मकान में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब ?11.11 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।
6 फरवरी 2026 को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा के मुख्य प्रबंधक नवनीत नाथ ने चौकी मानीकपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार सहित रायपुर गया हुआ था। 7 फरवरी की रात घर लौटने पर देखा कि घर के अंदर और बाहर लगे ताले टूटे हुए थे तथा घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नगदी एवं अन्य कीमती सामान चोरी हो चुके थे। प्रारंभिक तौर पर चोरी गए सामान की कीमत लगभग 1.80 लाख आंकी गई थी।
मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। संदेह के आधार पर आरोपियों संजय वैष्णव और उसकी मां लव कुमारी से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। जांच के दौरान पता चला कि चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण आरोपियों द्वारा 'मधुर फाइनेंस' में गिरवी रखे गए थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फाइनेंस संस्था से संपर्क कर विधिवत कार्रवाई करते हुए आभूषण बरामद किए। बरामद आभूषणों का वर्तमान बाजार मूल्य



लगभग आंका गया है।

**कई घटनाओं में नामजद रहा है संजय**

पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय वैष्णव के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, नकबजनी एवं बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों के मामले थाना बालकोनगर, सिविल लाइन रामपुर एवं कोतवाली कोरबा में दर्ज हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(1) एवं 317(5) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया वजन त्यौहार का शुभारंभ

### बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनजागरूकता पर विशेष जोर देने के निर्देश

**कोरबा ।** शासन के निर्देशानुसार वजन त्यौहार 2026 का शुभारंभ आज आंगनबाड़ी केन्द्र रामपुर-1, सेक्टर रामपुर, कोरबा (शहरी) में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बसंत मिंज, वार्ड पार्षद श्रीमती ममता यादव तथा परियोजना अधिकारी श्री मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र में उपस्थित बच्चों द्वारा अभिवादन और स्वागत से हुई। इसके पश्चात कलेक्टर श्री दुदावत ने बच्चों से आत्मीय परिचय लिया। बच्चों द्वारा-नींबू देखो गोल-गोल और मछली जल की रानी है जैसी बालगीत प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण और आनंददायक बना।कलेक्टर ने बच्चों को विभिन्न रंग दिखाकर रंगों की पहचान कराई तथा सब्जियों और फलों के चित्रों के माध्यम से उनके पोषण महत्व पर चर्चा की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए और गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई।कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में दर्ज बच्चों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, कुपोषण की स्थिति और टीकाकरण संबंधी जानकारी ली।

## जिला स्तरीय पशु मेला आयोजित

कोरबा। विभागीय गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को पशु पालन की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्रम सलियांभाठा कोरबा में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के उन्नत नस्ल के पशु पक्षियों का उत्कृष्ट प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में पशुपालकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक पशुपालको द्वारा अपने पशु पक्षियों का प्रदर्शन किया गया। उन्नत पशुओं हेतु पशुपालकों को प्रोत्साहन स्वरुप अथितियों के करकमलों से पुरुस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम विकासखंड कोरबा अर्तत ग्राम सलिहाभांठा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अथिति के रुप में जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, श्री फूलसिंह राठिया विधायक विधानसभा क्षेत्र रामपुर, अध्यक्षता श्रीमती अमिलाबाई कंवर संरपंच ग्राम सलिहाभांठा, विशिष्ट अथिति के रुप में श्री विनय कंवर अध्यक्ष जिला गौधाम समिति, श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, सदस्य जिला पंचायत कोरबा, श्रीमती बिजमोती राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत कोरबा के आथित्य में संपन्न हुआ।

# 10 वर्ष से लंबित मामलों को रखा जाएगा नेशनल लोक अदालत में

### आयोजन से पहले न्यायिक अधिकारियों ने इस बारे में की बैठक

**कोरबा ।** छत्तीसगगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर की ओर से 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में 14 मार्च को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आंगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।
इस नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जाएंगे। संतोष शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा की ओर से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें पांच से 10वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर रखे जाने वाले प्रकरण तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक जिला न्यायालय परिसर के विडियो कान्प्रेसिंग कक्ष में ली गई।



इस बैठक में जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) पीए एक्ट कोरबा, गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डॉ. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो). कोरबा, सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोरबा, मयुरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, डॉली ध्रुव, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कुमुदनी गर्ग, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा उपस्थित रहे। क विडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला, पाली से पदस्थ न्यायाधीशगणप में उपस्थित रहें।
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा आम जनता से कहा है कि जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में शखे जाने के जिए निवेदन कर सकते हैं।

# रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 11 फरवरी को नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के नेतृत्व में आम नागरिकों में कैंसर की समय पर पहचान और रोकथाम को ध्यान में रखते हुए 11 फरवरी 2026 को नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग कोरबा और बालको मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में आयोजित होगा।

शिविर में बालको मेडिकल सेंटर रायपुर के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. गौरव गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा कैंसर की प्रारंभिक जांच, महिलाओं के लिए आवश्यक परामर्श तथा चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिविर में सर्वाइकल (बच्चेदानी) कैंसर के लिए पेप स्मीयर जांच, स्तन कैंसर की जांच के लिए मेमोग्राफी, मुख कैंसर सहित अन्य सभी प्रकार के कैंसर के लिए नि:शुल्क जांच सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कैंसर गंभीर किन्तु समय पर पहचान होने पर उपचार योग्य बीमारी है। उन्होंने कहा कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों को पहचानना अत्यंत आवश्यक है, जैसे शरीर के वजन में बिना कारण कमी होना, लंबे समय तक घाव का न भरना, लगातार खांसी या आवाज में परिवर्तन, स्तन में गांठ या असामान्य स्त्राव, मुंह के छाले का लंबे समय तक बने रहना, असामान्य रक्तस्त्राव तथा लगातार थकान जैसे लक्षण। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच कराना आवश्यक है।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि कैंसर के मरीज तथा ऐसे सभी व्यक्ति जिनमें उपरोक्त लक्षण दिखाई देते हों, वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और बिना संकोच रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में आयोजित नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर में पहुंचकर जांच अवश्य कराएं।

# मजाक बना ओव्हरब्रिज, अगले महीने लोग करेंगे आंदोलन

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन पर प्रस्तावित रेल ओवरब्रिज निर्माण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर जन आंदोलन की घोषणा की गई है। इस संबंध में जिला प्रशासन और डीआरएम बिलासपुर को विधिवत सूचना दे दी गई है।

विधायक व्यास कश्यप ने बताया कि जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रेल ओवरब्रिज निर्माण, स्टेशन की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, गोंडवाना एक्सप्रेस और साउथ बिहार एक्सप्रेस के ठहराव और मिशन अस्पताल चांपा समपार पर अंडरब्रिज निर्माण जैसी मांगों को लेकर पूर्व में भी जन आंदोलन किया गया था।

**6 माह में ओवरब्रिज निर्माण शुरू करने पर बनी थी सहमति**

उस समय रेल प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया था। वार्ता में 6 माह के भीतर रेल ओवरब्रिज निर्माण शुरू करने और प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर सहमति बनी थी। हालांकि, अब तक इन वादों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में असंतोष है।



**6 मार्च को फिर होगा जन आंदोलन**

विधायक ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस स्थिति से असंतुष्ट होकर स्थानीय नागरिकों ने सर्वसम्मति से 6 मार्च को पुनः जन आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

**मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा**

आंदोलन के तहत जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम फाटक पर चक्काजाम करने की घोषणा की गई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक रेल ओवरब्रिज निर्माण सहित अन्य मांगों पर ठोस कार्रवाई शुरू नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## रोड पर उड़ रही धूल, सांस लेने में परेशानी



**जांजगीर।** पामगढ़-अकलतरा मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है। इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण कई स्थानों पर लगातार धूल उड़ रही है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। धूल के कारण सामने से आने वाला रास्ता साफ दिखाई नहीं देता। तरौद से बनाहिल मार्ग तक स्थिति और गंभीर बनी हुई है। इसके बावजूद सड़क सुधार की ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

– अमित कुमार



## पुरानी रंजिश में चाकू से हत्या

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल दो धारदार चाकू और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, सिवनी नैला निवासी राकेश सूर्यवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका छोटा भाई रोशन सूर्यवंशी उर्फ छोटे दादू 7 फरवरी की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त के साथ गांव के तालाब की ओर घूमने निकला था। रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि अम्हा तालाब के पास आशीष सूर्यवंशी और अतुल महंत से विवाद के बाद रोशन पर चाकू से पेट में जानलेवा हमला किया गया। घायल रोशन सूर्यवंशी को परिजन तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# धान की पूरी मात्रा की खरीदी के लिए बनाया दबाव, आंदोलन की चेतावनी




**जांजगीर।** ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर भवन में कृषक चेतना मंच के नेतृत्व में किसानों की बैठक हुई। जिले की लगभग 15 समितियों के किसान मौजूद थे। किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर गंभीर चिंता जताई।

किसानों ने बताया कि वे अधिकांशतः सहकारी समितियों के ऋणी हैं, लेकिन इस बार उनका 1 क्विंटल धान भी नहीं खरीदा गया। छत्तीसगढ़ के किसान पूरी तरह धान की फसल पर आधारित हैं और उनकी आर्थिक गतिविधियां इसी पर निर्भर रहती हैं। इस वजह से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बैठक में मौजूद किसान अपने हालातों को लेकर हताश और निराश नजर आए।

उनका कहना था कि धान खरीदी नहीं होने से खेती और रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने कृषक चेतना मंच के माध्यम से सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

मंच के संयोजक ठा. राजशेखर सिंह और सहसंयोजक संदीप तिवारी ने कहा कि किसानों का धान खरीदी नहीं होना गंभीर समस्या है और सरकार को इसकी जांच कराकर शत प्रतिशत धान खरीदी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो मंच पूर्ण खरीदी होने तक आंदोलन जारी रखेगा। किसानों ने आज एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं का उल्लेख किया। ज्ञापन में बताया गया कि धान खरीदी नहीं होने से उन्हें गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## मेडिकल कॉलेज निर्माण से रास्ता बंद खेत पहुंचने में हो रही परेशानी

**जांजगीर।** ग्राम पंचायत कुटरा के किसानों को इन दिनों अपने खेतों तक पहुंचने में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि उनके खेत निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के बगल में स्थित हैं और कॉलेज निर्माण के कारण उनका आम आवागमन मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। किसानों के अनुसार यह रास्ता उनके खेतों और गांव के अन्य हिस्सों तक जाने का एकमात्र मार्ग था। रास्ता अवरुद्ध होने से वे समय पर खेत नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे खेती-बाड़ी के काम प्रभावित हो रहे हैं और आर्थिक नुकसान हो रहा है। वृहस्पति बाई ने अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की है कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के परिसर के बगल से किसानों के लिए मार्ग निकाला जाए, ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। किसानों का कहना है कि कॉलेज निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों के सुविधा मार्ग को बंद कर देना बड़ी समस्या है। फसल कटाई और खेत प्रबंधन के समय यह रास्ता अत्यंत आवश्यक होता है। किसानों ने प्रशासन से वैकल्पिक मार्ग खोलने की अपील की है, ताकि निर्माण कार्य भी प्रभावित न हो और ग्रामीणों को भी राहत मिल सके। वृहस्पति बाई ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द कदम उठाया जाए।

## जनदर्शन में अपर कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं, 70 आवेदन मिले

**जांजगीर।** अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द करते हुए प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए।



जनदर्शन में तहसील बम्हनीडीह के ग्राम देवरहा निवासी सुनीता कुमारी ने अंत्योदय कार्ड बनवाने, खोखरा निवासी संतोष कुमार राठौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने तथा कोसमंदा निवासी शिव कुमार यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने भी विभिन्न विषयों पर आवेदन दिए।

# दो उर्वरक की प्रचलित कीमतों में 150 रूपए की वृद्धि से बढ़ी किसानों की परेशानी

**जांजगीर।** इस साल खरीफ की खेती किसानों के लिए महंगी साबित होने वाली है। खाद के दामों में बढ़ोतरी हुई है। एनपीके खाद की कीमत 1720 रुपए से बढ़कर 1900 रुपए प्रति बोरी हो गई है, जबकि पोटाश अब 1500 से बढ़कर 1800 रुपए प्रति बोरी मिलेगा। रबी सीजन के बाद किसान को खरीफ सीजन में अधिक खर्च उठाना पड़ेगा।

हर साल खरीफ सत्र शुरू होने से पहले अनाज, दलहन-तिलहन के बीज व खाद की नई दर शासन की ओर से जारी की जाती हैं। जनवरी में राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित ने नई दर जारी की है। इसके अनुसार यूरिया 266 रुपए और डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी की दर से उपलब्ध होगा। एनपीके खाद की कीमत में पिछले दो साल में 430 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं एमओपी (पोटाश) भी करीब 300 रुपए महंगी हो गई है। धान जिले की प्रमुख फसल है। उत्पादन और बिक्री में जांजगीर जिला हमेशा आगे रहता है, जो जिले की पहचान भी है। अधिकांश किसान केवल धान की ही खेती करते हैं। दूसरी फसल वही किसान उगा पाते हैं, जिनके पास पर्याप्त साधन और व्यवस्था होती है। नहर में पानी आते ही रबी सीजन में भी अधिकांश किसानों ने धान की ही खेती की है। हालांकि ?बीते कुछ सालों से शासन किसानों को धान को छोड़कर कर दूसरी फसल लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके ज्यादातर किसान रुचि नहीं ले रहे हैं। खाद 2024 2025 2026 6एनपीके (12-32-16) 1470 1720 1900 6एनपीके (20-20-0-13) 1199 1300 1400 6एमओपी 1500 1535 1800

कीमत बढ़ने का जिले के 1 लाख किसानों पर पड़ेगा असर जिले में राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अधिक धान की खेती होती है। खरीफ सीजन में जिले में करीब 1 लाख 22 हजार से अधिक किसानों ने धान की खेती की थी। मोटा धान और पतला धान व खाद एनपीके (12-32-16), एनपीके (20-20-0-13), एमओपी के दाम में बढ़ोतरी हो जाने से आने वाले खरीफ सीजन में किसानी की लागत बढ़ेगी। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा।

खरीफ वर्ष 2026 के लिए 19700 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों बांटने का लक्ष्य है। निर्धारित लक्ष्य के अंतर्गत यूरिया 9200 मीट्रिक टन, डीएपी 5500 मीट्रिक टन, एनपीके 2500 मीट्रिक टन, एमओपी 500 मीट्रिक टन व एसएसपी 2000 मीट्रिक टन उर्वरकों की उपलब्धता रहेगी। उर्वरकों का संपूर्ण वितरण सहकारी समितियों के जरिए किया जाएगा। 31 मई तक अग्रिम रूप से उठाए गए रासायनिक उर्वरकों पर ब्याज नहीं लगेगा।

यूरिया का दाम? नहीं बढ़ने से किसानों को थोड़ी राहत इस साल यूरिया के दाम में बढ़ोतरी नहीं की गई है। किसानों को यूरिया सोसायटी में करीब 266 रुपए प्रति बोरी मिलेगा। किसान धान की पैदावार बढ़ाने के लिए सबसे अधिक यूरिया का उपयोग करते है। यूरिया के दाम में बढ़ोतरी नहीं होने से किसानों को थोड़ी राहत है।

## एनीकट के पास फैली गंदगी और बदबू से राहगीर हो रहे हैं परेशान

**चांपा।** नगर के एनीकट क्षेत्र में इन दिनों गंदगी और बदबू की गंभीर समस्या दिखाई दे रही है। एनीकट के आसपास कचरे के ढेर जमा हो गए हैं, जिससे नदी का पानी दूषित हो रहा है। वहां से गुजरने में राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। सड़ता कचरा और गंदा पानी तेज दुर्गंध फैला रहा है, जिससे राहगीरों और आसपास रहने वाले नागरिकों को दिक्कत हो रही है। एनीकट क्षेत्र में प्रतिदिन लोगों की आवाजाही रहती है।



## फेयरवेल पार्टी में स्टंट, कार चालकों पर लगा जुर्माना

**जांजगीर।** जिले के जीएलडी स्कूल, खैरताल में फेयरवेल पार्टी के दौरान वाहनों पर स्टंटबाजी करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चालकों को जुर्माना किया है। घटना 4 फरवरी की है, जिसमें कार और स्कॉर्पियो वाहन की बोनट और छत पर कई युवक बैठकर स्टंट करते दिखाई दिए। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने इसे गंभीर मामला मानकर तुरंत कार्रवाई शुरू की। थाना नवागढ़ पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों को पकड़कर समझाइश दी। मोटरयान अधिनियम, 1988 के तहत प्रत्येक वाहन चालक पर 2800-2800 रुपए का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने कहा कि इस तरह के स्टंट चालक और अन्य लोगों की जान के लिए खतरनाक होते हैं तथा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हैं।

मोटरयान अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत मामले में कार्रवाई की गई हैं। अधिनियम की प्रमुख धाराओं में यह स्पष्ट किया गया है कि वाहन पर सुरक्षित बैठना अनिवार्य है। चालक को वाहन नियंत्रण में रखना होगा और स्टंट करना मना है। सार्वजनिक सड़क पर जोखिमपूर्ण या खतरनाक तरीके से वाहन चलाना अपराध माना जाता है। उल्लंघन पर जुर्माना और समन शुल्क लगाया जा सकता है, साथ ही पुलिस को आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने का अधिकार है।

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी**
**न्यू ईरा प्रोगसिव स्कूल के पास**
**रामपुर, कोरबा (छ.ग.)**

Email id-korbarto@gmail.com
phone no 07759-226640

क्रमांक/1467/जि.प.अ./25 कोरबा, दिनांक 05.02.2025

वाहन क्रमांक CG12S5393(HGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी BASANT KURREY S/O JAGDISH KURREY IN FRONT OF TYPE 2/80 MANIKPUR COLONY MANIKPUR KORBA CG है। उक्त वाहन को वित पोषक BANDHAN BANK LTD. KORBA द्वारा दिनांक 12.01.2026 को कार्यालय के समक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम BANDHAN BANK LTD. KORBA के नाम पर अंतरण दर्ज करने बाबत् केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 61 (2) के तहत निर्धारित प्ररूप 36 में इस प्राधिकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वित्त पोषक BANDHAN BANK LTD. KORBA से प्ररूप 36 में सूचना प्राप्त होने के पश्चात् वित्त पोषक एवं पंजीकृत वाहन स्वामी BASANT KURREY S/O JAGDISH KURREY IN FRONT OF TYPE 2/80 MANIKPUR COLONY MANIKPUR KORBA CG है। को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1312/जि.प.अ./दिनांक 12.01.2026 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1412/ जि.प.अ./दिनांक 27.01.2026 को फार्म 37 में नोटिस जारी कर पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर दिया गया था। वाहन स्वामी को डाक के माध्यम से सूचना जारी करने के पश्चात् भी आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए है। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 20.02.2026 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

सील

**जिला परिवहन अधिकारी**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश दास पिता प्रीतम दास, उम्र-27 वर्ष, जाति-पनिका, निवासी-खरमोरा, थाना-रामपुर, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) एवं आवेदिका नरगिश बेगम पिता साहिद हुसैन, उम्र-30 वर्ष, जाति-मुसलमान, निवासी मिट्ठुमुड़ा जूटमिल रायगढ़, थाना-जूटमिल, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.02.2026 को 03.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/उजर करना हो तो वे निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/उजर पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 22.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

सील

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**रायगढ़ (छ.ग.)**

## डोंगिया सुलौनी में तीन दिनी आध्यात्मिक सत्संग आज से, संत असंगदेव महाराज का होगा प्रवचन

**सक्ती।** सक्ती जिले के ग्राम डोंगिया सुलौनी में 10 फरवरी से तीन दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन का शुभारंभ होगा। सुखद सत्संग अमृत कथा नामक इस विशेष कार्यक्रम में संत असंगदेव महाराज प्रवचन देंगे। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धा, ज्ञान और भक्ति के संदेश को व्यापक रूप से फैलाना है। यह सत्संग सद्गुरु कबीर साहेब और सद्गुरु क्षमा देव के आशीर्वाद से 10, 11 और 12 फरवरी को प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। प्रतिदिन शाम 7 बजे से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।गांव में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सत्संग स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। मुख्य यजमान राम कुमार गबेल और गीता गबेल हैं, जबकि राजकुमार गबेल और मुस्कान गबेल भी यजमान के रूप में जुड़े हैं।

# चोरी के वाहनों का लोकेशन ऐसे होगा ट्रेस

**जांजगीर।** किसी वाहन के संदिग्ध लगने पर चोरी के होने के संदेह पर अब पुलिस कंट्रोल रूम या थाने से जानकारी लेने की जरूरत नहीं होगी। पुलिसकर्मी मोबाइल पर सिर्फ एक क्लिक कर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन नंबर या चेसिस नंबर दर्ज करेंगे और कुछ ही सेकंड में पूरा डेटाबेस सामने होगा।

चोरी के वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण और पुलिस की कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने पुलिस विभाग की ओर से सशक्त मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। सशक्त एप न केवल नाकाबंदी के दौरान, बल्कि नियमित पेट्रोलिंग के समय भी चोरी के वाहनों की तुरंत पहचान करने में मदद करेगा। एप के माध्यम से राज्य के सभी जिलों में चोरी हुए वाहनों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। सभी थानों में दर्ज चोरी की गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन नंबर और चेसिस नंबर को सशक्त एप पर अपडेट किया जाएगा। एप की मदद से पुलिस मौके पर ही संदिग्ध वाहन की पहचान कर सकेगी। सशक्त एप चोरी हुए वाहनों के राज्य और राष्ट्रीय स्तर के डेटाबेस से सीधे जुड़ा हुआ है, जिससे फील्ड पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत वाहन से संबंधित जानकारी हासिल कर पाएंगे। सशक्त एप को खास तौर पर फील्ड पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए डिजाइन किया गया है। एप को मोबाइल या टैबलेट पर इंस्टॉल किया जाएगा।

इसके बाद संबंधित पुलिसकर्मी विभागीय लॉगइन आईडी-पासवर्ड से इसमें जुड़ेंगे। लॉगइन के बाद पुलिसकर्मी एप के मेन डैश बोर्ड पर पहुंचेंगे। यहां वाहन सत्यापन से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध होगी। नाकाबंदी या पेट्रोलिंग के दौरान कोई संदिग्ध वाहन रोका जाएगा, तो पुलिसकर्मी एप पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करेगा। कुछ ही सेकंड में एप केंद्रीय डेटाबेस से जुड़कर वाहन की पूरी जानकारी स्क्रीन पर देगा। यदि वाहन चोरी के मामले में दर्ज है, तो एप तुरंत अलर्ट जारी करेगा, जिससे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी कार्रवाई कर सकेंगे।

सशक्त एप को राष्ट्रीय वाहन डेटाबेस और राज्य स्तर के अपराध रिकॉर्ड से जोड़ा गया है। इसमें थानों में दर्ज चोरी के वाहनों की एफआईआर, जब्त किए गए वाहनों की जानकारी और संदिग्ध वाहनों का रिकॉर्ड अपडेट रहेगा। जैसे ही किसी थाने में चोरी का मामला दर्ज होगा, उसका विवरण एप पर अपडेट हो जाएगा। इससे पुराने डेटा पर निर्भर रहने की समस्या खत्म हो जाएगी।

## *जी राम जी पर श्रमिकों से सीधा संवाद*

***चंडीपारा।*** *भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पामगढ़ मंडल के ग्राम कुटराबोर में %विकसित भारत-जी राम जी अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला जशपुर के संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने शिरकत की। उन्होंने श्रमिक भाइयों से सीधा संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन, कृषि विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर विस्तृत चर्चा की।*

*सुल्तानिया ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि %चौपाल% के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का %विकसित भारत% का संकल्प जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि गांव, किसान और श्रमिक राष्ट्र निर्माण की इस पवित्र यात्रा में पूर्ण रूप से तत्पर हैं। यह अभियान ग्रामीणों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष व्यास वर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष पटेल, सुरेंद्र कश्यप, महावीर पटेल, नारायण पाटले, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, न.प. सभापति अमित कुमार, पार्षद नेहा अग्रवाल, सुभाष ओग्रे, जिला सोशल मीडिया संयोजक गौरव तिवारी, मनोज घोष, गोलू वर्मा, महिला मोर्चा की नीमा तिवारी, ऋषभ नाथ योगी, विकास कौशिक, शुभेंदु तिवारी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।*

## फाइलेरिया उन्मूलन व कृमि मुक्त दिवस अभियान आज से

**बलौदा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के तहत विकासखंड बलौदा में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य हाथीपांव (फाइलेरिया) जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से मिटाना है।

अभियान के तहत 10 से 12 फरवरी तक सभी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराएंगे। जो लोग इस दौरान छूट जाएंगे, उन्हें 23 से 25 फरवरी तक मॉप-अप राउंड में दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है, जिसके लक्षण (बुखार और अंगों में सूजन) कई महीनों बाद दिखते हैं। इस अभियान के सफल संचालन हेतु 343 टीमें और 69 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। कुल 1,92,081 लोगों को डीईसी, आइवरमेक्टिन और एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाने का लक्ष्य है।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/CHP/W/TN-11/26/410 Marwa, dtd.06.02.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-11/2026: -**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/ Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-II/ CHP/W/ T-14/26 | 8100049361 | Work Contract for Operation and Maintenance of Signaling and Telecommunication (S&T) system installed at 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 05.03.2026 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 9850/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-II/ CHP/W/ T-15/26 | 8100049363 | Work Contract day to day patrolling of area between Distance Signal (Near IMWB) and In-Plant Cabin (S&T Building) at 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 05.03.2026 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 7150/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

S- 46833/3

# 8 दुकानों में आगजनी से सवा करोड़ की क्षति, कई दमकलों की कोशिश से आग पर हुआ कंट्रोल

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के अंबेडकर चौक में संचालित ऑटो, फर्नीचर और डेकोरेशन की दुकानों में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 8 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक आग काफी भयावह रूप ले चुकी थी।

फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी से करीब सवा करोड़ रुपए से अधिक नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, अंबेडकर चौक में संचालित एक फर्नीचर दुकान में सुबह करीब 4 बजे आग लगी। करीब 4ः30 बजे वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने दुकान के बोर्ड पर लिखे नंबर पर संचालक राकेश अग्रवाल को फोन कर इसकी सूचना दी।

राकेश अग्रवाल ने तुरंत फायर ब्रिगेड, कंट्रोल रूम और डायल 112 को आग की सूचना दी। सूचना पर गांधीनगर, कोतवाली, मणिपुर थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।दरअसल, फर्नीचर दुकान में रखे प्लास्टिक और फोम के सामानों के कारण आग तेजी से फैल गई। कुछ ही देर में आग सक्षम ई-रिक्शा, मारुति इलेक्ट्रॉनिक्स समेत अन्य दुकानों तक पहुंच गई। आग की लपटें करीब 30 फीट तक ऊंची उठने लगी।संचालक राहुल अग्रवाल ने बताया कि सूचना के करीब 45 मिनट बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची तो उन्होंने एएसपी अमोलक सिंह के निजी नंबर पर कॉल किया। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की टीम सक्रिय हुई।करीब 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दूसरी गाड़ी भी कुछ देर में पहुंची, लेकिन उसका सिस्टम काम नहीं कर रहा था। आग फैलते हुए पास में संचालित नाश्ते की दुकान तक पहुंच गई। वहां रखे छोटे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे नाश्ते की दुकान भी पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

## अनमोल वचन......

मुश्किलें रुकावट नहीं, आपको और मजबूत बनाने का जरिया हैं।

# भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए नुकसान का पहलू

अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से भारत के श्रम-केंद्रित उद्योगों को राहत मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू-राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ-साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो हानिकारक बात होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भारत से ट्रेड डील होने का ऐलान किया। कहा कि इसके तहत अमेरिका भारत पर 'लिबरेशन डे टैरिफ' को 25 से घटा कर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करेगा, अमेरिका से व्यापार में टैरिफ एवं गैर-टैरिफ रुकावटों को शून्य कर देगा, और 500 बिलियन डॉलर के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला एवं अन्य उत्पाद खरीदेगा। 500 बिलियन डॉलर का अर्थ भारत के सालाना बजट का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा (तकरीबन 46 लाख करोड़ रुपये) है। बहरहाल, ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जारी अपने बयान में प्रधानमंत्री ने सिर्फ यह उल्लेख किया कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में अब सिर्फ 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। इससे ट्रेड डील को लेकर फिर से अस्पष्टता बन गई। बहरहाल, यह साफ है कि इस डील को हासिल करने के लिए भारत ने आगे बढ़ कर कई बड़ी रियायतें दी हैं।

उनमें से कई तो करार के पहले ही दे दी गईं। इनमें अमेरिका के कृषि, वाहन, सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातु एवं केमिकल्स उत्पादों पर भारत में आयात शुल्क में भारी कटौती शामिल है। साथ ही रक्षा सौदों का दायरा बढ़ाया गया। परमाणु उत्तरदायित्व कानून में अमेरिकी कंपनियों के अनुकूल बदलाव किया गया। ट्रंप प्रशासन के दबाव में भारत ने रूस से तेल की खरीदारी घटाई, ऐसी खबरें सुर्खियों में रही हैं। अब अगर ये पहलू ट्रेड डील का हिस्सा है, तो यह बेहद आपत्तिजनक बात होगी। इसलिए कि यह अपने संप्रभु निर्णय को किसी अन्य देश की भू-राजनीतिक जरूरतों के सामने समर्पित करने जैसा होगा। दरअसल, खरीदारियों के बारे में भी कोई व्यक्ति या देश अपनी जरूरत एवं बाजार के तर्कों से फैसला लेता है। किसी दबाव में आकर इस बारे में बंधना अपने हितों से समझौता होगा। अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से वस्त्र, जेवरात आदि जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों को राहत अवश्य मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू-राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें ट्रेड डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ-साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो नुकसान का पहलू होगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज लोगों का विश्वास आपमें बना रहेगा। उच्च शिक्षा प्राप्ति के इच्छुक छात्र के लिए समय बहुत अनुकूल है। आज छोटे भाई की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। जीवनसाथी के संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि के लवमेट आज एक दूसरे को कुछ गिफ्ट देंगे तो प्यार में दोगुना बढ़ोतरी होगी। इस राशि के जो लोग लोहे का बिजनेस से जुड़े है आज के दिन उन्हें अधिक मुनाफा मिलने वाला है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के जो लोग आर्किटेक क्षेत्रों से जुड़े हैं,उनके लिए आज का दिन प्रगति देने वाला है। किसानों को आज कुछ फायदा हो सकता है। फसल के बिक्री से संबंधी मनचाही रकम जमींदार से मिल सकती है। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते है उनके लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन राशिः** आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। उनकी दुवाओं का असर शाम तक आपको जरूर मिलेगा। ऑफिस में आज कुछ नयी जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं । जिसे लेकर आस-पास के लोगों से विचार-विमर्श कर सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए घर के सभी सदस्यों की राय जरूर लें।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करने में आ रही अड़चने आज दूर हो जाएंगी। आज किसी ऐसे मित्र की मदद करेंगे जो भविष्य में आपकी मदद कर सकता हैं। अगर आपने हाल में किसी काम की शुरूआत की हैं तो आज उसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। जिस अच्छे मौके की आप कई दिनों से इंतजार कर रहे थे वो आज पूरा हो जाएगा। ऑफिस में आज रूके हुए काम सीनियर्स की मदद से पूरे हो जाएंगे। हो सकता है आपको पदोन्नत का अवसर भी मिल जाए। इस राशि के बिल्डर्स को आज अचानक से काफी फायदा हो सकता है साथ ही धनलाभ के नये सोर्स बनेंगे।

**कन्या राशिः** आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। बिजनेस में दूसरों से बातचीत करने और सलाह करने से आपको फायदा हो सकता है। आर्थिक पारिस्थितियां आज आपके अनुकूल रहेगी। इस राशि के अविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपके लिए शादी का प्रपोजल आऐंगा।

**तुला राशिः** आज आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। साथ ही कहीं घुमने का प्लान भी बना सकते हैं।इससे परिवार के सुख-शांति में वृद्धि होगी। आज अपनी मधुर भाषा के द्वारा आप अपने कार्य दूसरों से करवा सकने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज विवाहित अपने जीवनसाथी को अधिक टाइम देंगे तो दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। हो सकता है शाम तक किसी समारोह में साथ जाने का भी प्लान बना सकते हैं । आपको अधिक काम होने की वजह से आपको थकावट हो सकती है । शाम को परिवार वालों के साथ समय बिताने से आप खुद को तनाव से राहत महसूस करेंगे। स्पोर्ट में रुचि रखने वालों का प्रर्दशन आज बेहतर रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खास रहेगा। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने की कोशिश करें। इससे भविष्य में आपको ही फायदा होगा। आज व्यवहार कुशलता के कारण ऑफिस में बड़े अधिकारियों से सम्मान मिल सकता है। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाएं। इस राशि के जो लोग कवि है आज उन्हें किसी कवि सम्मेलन में कविता सुनाने का मौका मिल सकता है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी अन्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा आज दूसरों की बात पर भरोसा न करें। महिलाओं को आज कहीं से अचानक धन लाभ हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेना चाह रहे हैं। तो आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। बाहर कुछ टाईम स्पेंड करने से आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

**कुम्भ राशिः** आज अपने व्यवहार में आपको थोडा परिवर्तन करने की जरूरत है। आपके अच्छे व्यवहार से आस-पास के लोग आपसे खुश रहेंगे साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। ऑफिस के काम से आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। आज किसी नये काम को शुरू करने से पहले बड़-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। जिसका फायदा आपको आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**मीन राशिः**आज आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। जिससे परिवार में सभी सदस्यों के रिश्ते मजबूत बनेंगे। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। आज किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने से रिश्ते मजबूत बनेंगे।

# त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केन्द्रीय बजट

//डॉ. महेन्द्र सिंह//

**केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संसद में पेश किया गया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरन्तर बनाये रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्यों को उजागर किया। ये हैं : () अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के प्रति लचीलेपन में वृद्धि करते हुए आर्थिक विकास को गति प्रदान करना और उसे बनाये रखना; जन आकाँक्षाओं की पूर्ति और उनकी क्षमताओं का वर्द्धन करना एवं देश के प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और वर्ग तक संसाधनों, सुविधाओं तथा अवसरों की पहुंच को सुनिश्चित करना।**

इस तरह ये कर्तव्य मोदी सरकार की सर्वसमावेशी एवं पोषणीय विकास की रणनीति को सुस्पष्ट रूप में परिभाषित करते हैं। ध्यातव्य है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केन्द्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उनकी क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभिकेन्द्र रहा है। इसमें आर्थिक समृद्धि एवं लोककल्याण में वृद्धि स्वतः विहित रहे हैं।

मोदी सरकार द्वारा संरचनात्मक आर्थिक सुधारों का मूल विचार रिफार्म, परफार्म व ट्रॉन्सफार्म रहा है। इस बजट में भी, बजट प्रावधानों को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सुधारों के क्रम को जारी रखा गया है। विकसित भारत के महालक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस बजट में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, एमएसएमई, ओडीओपी, रिन्यूबल व न्यूक्लियर एनर्जी, सेमिकंडक्टर, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स, जलमार्ग व रेल विकास, डिकार्बनाइजेशन, निर्यात संवर्द्धन, रक्षा क्षेत्र इत्यादि संभावनापूर्ण क्षेत्रों एवं तत्सम्बन्धी क्रियाओं के संवर्द्धन व विकास के लिए वित्तमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित आवंटन किए गये हैं। साथ ही, मानव पूँजी के निर्माण से सम्बन्धित क्षेत्रों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला, युवा और दिव्यांग सशक्तिकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है। वस्तुतः, मानव पूँजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी।

वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है। हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरन्तर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबन्धन सम्बन्धी निष्पादन श्लाधनीय रहा है। वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.7 प्रतिशत; 2022-24 में 6.5 प्रतिशत 2023-24 में 5.5 प्रतिशत; 2024-25 में 4.8 प्रतिशत एवं 2025-26 में 4.4 प्रतिशत था। इसे 2026-27 के बजट में कम करके 4.3 प्रतिशत पर रख गया है। ये प्रवृत्तियाँ राजकोषीय व्यवस्था की मजबूती की परिचायक हैं। मोदी सरकार की राजकोषीय प्रवीणता एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा निरन्तर घटा है। साथ ही, वित्तमंत्री इस बात में भी सफल रही हैं कि उन्होंने इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष केन्द्र सरकार के ऋण को 55.6 प्रतिशत पर रखा है। यह वर्ष 2025-26 के लिए 56.1 प्रतिशत रखा गया था। साथ ही, इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष राजस्व घाटा एवं प्राथमिक घाटा में भी कमी आई है। घटते घाटे एवं ऋण से निजी पूँजी निवेश में वृद्धि होगी। इस बजट में, राजस्व में सतत वृद्धि, पूँजीगत व्यय में वृद्धि और राजकोषीय पारदर्शिता में सुधार के संकेतकों से भी देश की राजकोषीय सुदृढ़ता की पुष्टि होती है। पूँजीगत खर्च के जरिये अवस्थापना क्षेत्र के विकास ने विकास को तेज करने और रोजगार को बढ़ाने में उल्लेखनीय तौर पर योगदान दिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास में धमनियों का कार्य करता है। इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मोदी सरकार द्वारा किया गया निवेश लगातार विकास का इंजन बना हुआ है। एक ओर जहाँ केन्द्र सरकार स्वयं पूंजीगत व्यय को बढ़ा रही है; वहीं दूसरी ओर राज्य सरकारों को भी अनुदान व ऋण देकर उनके पूँजीगत खर्च को बढ़ाने में मदद कर रही है। वर्ष 2025-26 की तुलना में 2026-27 के बजट में पूँजीगत आवंटन में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि राज्यों को दी जाने वाली अनुदान राशि को भी जोड़ लिया जाय तब प्रभावी पूँजीगत व्यय की वृद्धि 22 प्रतिशत बैठती है। इस तरह मोदी सरकार की यह विचारणा सुस्पष्ट होती है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती आर्थिक उन्नति का मूलाधार है। इस बजट में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों क्षेत्रों में पूँजीगत व्यय की वृद्धि दरें इस तरह हैंः टेलीकॉम 97 प्रतिशत; रक्षा 18 प्रतिशत; रेलवे 10 प्रतिशत; सड़क व हाईवे 8 प्रतिशत एवं आवास व नगरीय विकास 6 प्रतिशत। यह तथ्य यह भी दर्शाते हैं कि बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से अब विकासगामी क्रियाओं के लिए अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं। जीडीपी के सापेक्ष सरकारी ऋण भार को घटाकर 2030-31 तक 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। स्पष्ट है कि इससे आगामी वर्षों में अवस्थापना के विकास के लिए और अधिक फिस्कल स्पेस मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूँजीगत व्यय में मोदी सरकार द्वारा की गई वृद्धि से आय में तो कई गुना वृद्धि होती ही है, इससे रोजगार में भी उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि होती है। इस बजट में छोटे, मझोले एवं धार्मिक नगरों के विकास के लिए भी प्रावधान किए गये हैं। नगरीय क्षेत्रों में जन सुविधाओं के बेहतर विकास से जनजीवन सुगम व स्वस्थ होगा। साथ ही, इसके विकास से कारोबार सुगम होगा, इसमें वृद्धि होगी। धार्मिक व साँस्कृतिक स्थलों के उन्नयन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा देश-विदेश से पर्यटकों की आवाजाही से आर्थिकी सशक्त होगी। इस बजट में हास्पिटेलिटी तथा हेल्थ टूरिज्म से भी लोगों की आजीविका के स्त्रोतों में वृद्धि, रेल एवं जलमार्गों के विकास एवं अपग्रेडेशन से लाजिस्टिक्स की लागतें घटेंगी। इससे व्यापार में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था की स्पर्धात्मकता में वृद्धि से निर्यात-प्रेरित निवेश होगा।इस बात का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इस बजट में अवस्थापना क्षेत्र के विकास के लिए 12.20 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। यह एक बड़ी धनराशि है। इससे विकास की गति को तेज करने तथा रोजगार को बढ़ाने में महती सहायता मिलेगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के अन्तर्गत इस बजट में 40 हजार करोड़ रुपये रखे गये हैं। इसके अतिरिक्त जिन 7 रोजगारपरक क्षेत्रों को समावेशित किया गया है वे हैंः बायो फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेन्टस, रेयर अर्थ, रसायन, पूँजीगत वस्तएँ और टेक्सटाइल्स। इनसे मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की संवृद्धि बढ़ेगी। वस्तुतः, ये अर्थव्यवस्था के उदीयमान क्षेत्र हैं और इनमें उत्पादन, रोजगार व निर्यात की प्रचुर संभावनाएं हैं। इसके अलावा बजट में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चैंपियन बनाने के निर्णय से भी इस क्षेत्र का विकास तेज होगा। आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एमएसएमई, ओडीओपी तथा खादी क्षेत्र की भूमिका महती स्थान रखती है। रक्षा व्यय में वृद्धि; विशेष तौर पर पूँजीगत व्यय में वृद्धि से भी रक्षा मामले में हमारी आत्म-निर्भरता बढ़ेगी और रक्षा सामग्री का निर्यात बढ़ेगा।

कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस बजट में जो प्रावधान किये गये हैं उनसे कृषि एवं गैर-कृषि क्रियाओं के पारस्परिक आर्थिक सम्बन्धों को ताकत मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी। कृषि के वाणिज्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय में वृद्धि होगी। किसानों, युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमी बनाने का परिणाम होगा कि स्थानीय स्तर पर आजीविका के स्त्रोतों का विस्तार होगा। इससे गाँवों से नगरों को होने वाला पलायन भी रुकेगा। पशु चिकित्सा के लिए बजट में की गयी व्यवस्था से पशुधन में संवर्द्धन होगा। इससे गो आधारित प्राकृतिक कृषि के विस्तार में भी सहायता मिलेगी। इस बजट को यदि समग्र रूप से देखें तो यही निष्कर्ष निकलता है कि यह बजट भारत की घरेलू क्षमता का समुचित उपयोग करते हुए त्वरित आर्थिक विकास एवं लोककल्याण में वृद्धि को समर्पित है।

# अब कमंडल ही मंडल हो गया

//हरिशंकर व्यास//

**यह सवाल इसलिए है क्योंकि भाजपा सरकार ने विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी से ऐसा नया नियम जारी कराया, जिससे देश के करीब ढाई हजार उच्च शिक्षा संस्थानों की तस्वीर बदल जाती। यह कहना अतिरंजित लग सकता है लेकिन इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर यूजीसी के नियम उसी रूप में लागू होते, जिस रूप में उनको जारी किया गया था तो देश के उच्च शिक्षण संस्थान नब्बे के दशक का बिहार और उत्तर प्रदेश बन सकते थे। लालू यादव की पार्टी की एक प्रवक्ता ने इसका इशारा भी किया था।**

जब इन नियमों के हवाले उससे पूछा गया कि इसके जरिए तो अगड़ी जाति के छात्रों और शिक्षकों को फंसाया जा सकता है तो उसने दो टूक अंदाज में कहा कि इनको फंसाया जाना चाहिए क्योंकि ये 90 फीसदी बहुजन के अधिकार को स्वीकार नहीं करते हैं। फिर उसने हजारों साल के दमन, अत्याचार वगैरह की बातें भी कहीं। सुप्रीम कोर्ट ने जब यूजीसी के नियमों पर रोक लगाई तो सुनवाई के दौरान लालू यादव की पार्टी की प्रवक्ता के उस बयान का भी जिक्र एक वकील ने किया था।

पहले कानून के हिसाब से देखें तो भारत में माना जाता है कि हर अच्छे कानून का दुरुपयोग हो सकता है। लोग उसमें लूप होल्स निकाल ही लेते हैं। लेकिन जब कानून ही खराब हो तो क्या होगा। तब तो उस कानून के दुरुपयोग की जरुरत नहीं है। फिर तो उसके सदुपयोग से भी लोगों को फंसाया जा सकता है या किसी को बचाया जा सकता है। यूजीसी ने जो नए नियम जारी किए थे वो नियम इस दूसरी श्रेणी में आते हैं। वे इतने खराब हैं कि उनके दुरुपयोग की जरुरत नहीं है। उनके सदुपयोग से भी देश के एक छोटे से जातीय समूह के छात्रों और शिक्षकों को फंसाया जा सकता है और उनके करियर पर ग्रहण लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे शिक्षण संस्थानों में किसी तरह का भेदभाव रोकने के नियम पहले से बने थे। यूपीए सरकार के समय यूजीसी ने 2012 में नियम बनाए थे, जिनमें सभी छात्रों के साथ भेदभाव रोकने के प्रावधान किए गए थे। लेकिन 2026 में नरेंद्र मोदी की सरकार के समय जो नियम जारी किए गए उसमें कई चीजें बदल दी गईं। पहले नियम में सिर्फ भेदभाव की बात कही गई थी, जबकि नए नियमों में जाति आधारित भेदभाव की बात जोड़ दी गई और सामान्य वर्ग को छोड़ कर बाकी सबको भेदभाव के संभावित शिकार के तौर पर परिभाषित किया गया। इसी तरह पुराने नियम में गलत शिकायत करने वाले के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया।

इस तरह गलत शिकायत करके किसी को फंसाने का लाइसेंस दिया गया। पुराने नियम में शिकायत सुनने वाली कमेटी में सभी वर्गों के सदस्य रखने का प्रावधान था, जबकि नए नियम में एससी, एसटी, ओबीसी सदस्य रखने को अनिवार्य किया गया और सामान्य वर्ग का सदस्य रखने की अनिवार्यता नहीं रखी गई। नए नियम में भी रैगिंग को शामिल नहीं किया गया, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि अगर रैगिंग का शिकार सामान्य वर्ग का कोई लड़का शिकायत करे तो क्या उसके ऊपर भी भेदभाव की कार्रवाई हो सकती है।

सवाल है कि क्या यूजीसी ने बिना सोचे समझे ये नियम जारी कर दिए या कोई ऐसा बैठा है, जिसके मन में सामान्य वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह है और उसने सबक सिखाने के लिए इस तरह के नियम बनाए या सोच समझ कर राजनीतिक योजना के तौर पर ये नियम बनाए गए ताकि राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं के हाथ से बहुजन राजनीति का कार्ड छीना जा सके? ध्यान रहे लोकसभा चुनाव 2024 के बाद से नरेंद्र मोदी और उनकी टीम बहुत सावधान हो गई है। उससे पहले भाजपा अपने को अजेय मान रही थी और लग रहा था कि कांग्रेस या उसके नेतृत्व में एकजुट विपक्ष भी कभी उसको नहीं हरा पाएगा। लेकिन संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ, आरक्षण बढ़ाओ, जाति गणना कराओ आदि के नारे पर विपक्ष ने भाजपा की हवा निकाल दिया। लोकसभा चुनाव में चार सौ सीट हासिल करने के लक्ष्य को पंक्चर किया। 'जितनी आबादी उतना हक' का राहुल गांधी का नारा हिट हुआ। तभी पिछड़ा, दलित और आदिवासी की ओर ध्यान गया। पहले नरेंद्र मोदी जिस तरह 'मुफ्त की रेवड़ी' से घबराए उसी तरह जाति वाले दांव से घबराए हुए हैं।

ध्यान रहे नरेंद्र मोदी ने ही 'मुफ्त की रेवड़ी' का जुमला बोला था।

उन्होंने कहा था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था रसातल में चली जाएगी। लेकिन जब लगा कि 'मुफ्त की रेवड़ी' का दांव विपक्ष के लिए काम कर रहा है। कांग्रेस कर्नाटक जीत गई और अरविंद केजरीवाल दिल्ली में नहीं हार रहे हैं। तो उन्होंने भी सबको खजाना खोलने की इजाजत दी। मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना को देश भर में भाजपा ने भी आजमाया। उसी तरह बिहार में जाति गणना हुई और राहुल ने कर्नाटक, तेलंगाना में इसकी घोषणा की तो प्रधानमंत्री ने भी आगे बढ़ कर जाति जनगणना कराने का ऐलान कर दिया। अगले साल जनगणना होगी, जिसमें 1931 के बाद पहली बार देश भर की जातियों की गिनती होगी। तो क्या अब बाजी पलट गई है? अब विपक्ष एजेंडा सेट कर रहा है और भाजपा व उसकी सरकार उस पर प्रतिक्रिया दे रही है?

ऐसा लग रहा है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव रोकने के नाम पर जो नियम घोषित किए गए थे वो जाति गणना से आने वाले आंकड़ों को ध्यान में रख कर किए गए थे। पहले से ही सरकार और भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। बहुजन को साधने का प्रयास चल रहा है। उनको मैसेज दिया जा रहा है कि देखो भाजपा और नरेंद्र मोदी तुम्हारे लिए अपने सबसे मजबूत सवर्ण समर्थकों को भी नाराज करने का जोखिम लेने को तैयार हैं। उत्तर प्रदेश में वाराणसी और इलाहाबाद में जिस तरह के प्रदर्शन हुए, प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरों पर लोगों ने जूते चलाए और आग लगाई, मोदी-योगी मुर्दाबाद के नारे लगे उन तस्वीरों ने निश्चित रूप से पिछड़े, दलितों में मोदी के प्रति सहानुभूति जगाई होगी।

आगे पता नहीं क्या होगा लेकिन अगड़ी जातियों ने जिस तरह का उबाल दिखाया और जितनी हिंसक प्रतिक्रिया दी उसका राजनीतिक असर निश्चित रूप से हुआ होगा। मन ही मन पिछडी जातियों ने गांठ बांधी होगी। यह भी ध्यान रखने की बात है कि भाजपा के किसी नेता ने इस नियम के खिलाफ बयान नहीं दिया। कई सवर्ण नेता भी इसे डिफेंड करते रहे। यह अहसान बताते रहे कि मोदी ने अगड़ी जातियों को ईडब्लुएस के तहत 10 फीसदी आरक्षण दिया है। तभी सवाल है कि व्यापक हिंदू समाज की एकता बनाने की बात करने वाली भाजपा और आरएसएस की यह कैसी सोच है? एक तरह 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे हैं और दूसरी ओर हिंदू समाज को ही अगड़ा और पिछड़ा में बांटने की राजनीति हो रही है। यही काम तो नब्बे के दशक में वीपी सिंह करके गए थे। तब भी अगड़ी जातियों ने ऐसे ही प्रदर्शन किए थे, जिसका लाभ आज तक मंडल की पार्टियों को मिल रहा है। क्या नरेंद्र मोदी मंडल की पार्टियों से उनका राजनीतिक दांव छीन रहे हैं? हो सकता है क्योंकि उनके समर्थक भी कहते हैं कि उन्होंने मंडल और कमंडल को मिला दिया है। वाजपेयी, आडवाणी, जोशी के समय दोनों अलग थे लेकिन अब कमंडल ही मंडल हो गया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है अगड़ी जाति के अपने वोकल समर्थकों को नाराज कर भाजपा पहले से विभाजित पिछड़े, दलित और आदिवासी वोट के सहारे चुनाव जीत पाएगी? ध्यान रहे राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा ने पहले ही 15 फीसदी मुसलमानों, करीब चार फीसदी ईसाई और दो फीसदी सिख यानी 21 फीसदी अल्पसंख्यकों को अपने से अलग कर दिया है। अब 15 फीसदी ही सही लेकिन अगड़े भी अलग होते हैं या उनका मोहभंग होता है तो क्या भाजपा को इसका नुकसान नहीं होगा?


## तस्वीरों की दुनिया



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हेलेनिक रिपब्लिक के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास के साथ दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में अपनी द्विपक्षीय बैठक से पहले।



हेलेनिक गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।




नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में नीति आयोग की स्टडी रिपोर्ट्स के लॉन्च के मौके पर।



सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ संयुक्त प्रेस बयान को संबोधित करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति, डॉ. पैट्रिक हर्मिनी नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और सेशेल्स के बीच समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के गवाह बने।

# भारत और ग्रीस ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के संयुक्त घोषणा पत्र को दी मंजूरी

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत और ग्रीस ने देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए, जो साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए पांच वर्षीय रोडमैप विकसित करने का एक प्रारंभिक बिंदु है। यह समझौता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा यहां मानेकशा सेंटर में ग्रीक गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री निकोलाओस-जार्जियस डेंडियास के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद किया गया। राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में ग्रीक पक्ष से इस घोषणा का स्वागत किया कि उस देश का एक अंतरराष्ट्रीय समन्वय अधिकारी सूचना फ्यूजन सेंटर-भारतीय महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर), गुरुग्राम में तैनात किया जाएगा, ताकि दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाया जा सके। सिंह ने कहा, आज नई दिल्ली में ग्रीक गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री श्री निकोलाओस-जार्जियस डेंडियास से मिलकर खुशी हुई। भारत और ग्रीस ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए और वर्ष 2026 के लिए द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का आदान-प्रदान किया। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने दोहराया कि भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने आत्मनिर्भर भारत और एजेंडा 2030 के तहत ग्रीक रक्षा सुधारों के बीच साझेदारी के माध्यम से अपने स्वदेशी रक्षा उद्योगों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया।



मंत्रालय ने कहा,भारत और ग्रीस के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए गए, जो पांच वर्षीय रोडमैप विकसित करने का एक प्रारंभिक बिंदु है।दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक संबंधों की गहराई को स्वीकार किया। वर्ष 2026 के लिए एक द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का भी आदान-प्रदान किया गया, जो दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों का मार्ग प्रशस्त करती है। दोनों प्राचीन समुद्री देशों के बीच विभिन्न प्रमुख समुद्री मुद्दों पर एकजुटता को भी उजागर किया गया।

# तिरुपति लड्डू विवाद: मिलावटी घी के खिलाफ भक्तों का प्रदर्शन, पूर्व सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



**तिरूमाला, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रसिद्ध तिरुमाला लड्डू बनाने में उपयोग किए जाने वाले मिलावटी घी के मिश्रण के खिलाफ भक्तों के एक समूह ने विरो- प्रदर्शन किया। अपना असंतोष व्यक्त करते हुए भक्तों ने पूर्व वाईएसआरसीपी सरकार की आलोचना करते हुए प्लेकार्ड दिखाए।जारी वीडियो के अनुसार, प्रदर्शनकारी समूह के एक भक्त ने कहा,तिरुमाला लड्डू में मिलावट एक बड़ा पाप है। यह सभी पापों में सबसे बड़ा पाप है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकार कह रही है कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। कम से कम अब तो इसे स्वीकार करें।उन्होंने विपक्ष के नेताओं को सलाह दी कि वे आकर भगवान वेंकटेश्वर के सामने स्वीकार करें कि उन्होंने अनजाने में घी का मिश्रण किया है।

उन्होंने यह भी जोर किया कि हिंदू समुदाय उनके कार्यों पर नजर रख रहा है और कहा कि पूर्व वाईएसआरसीपी सरकार का शासन मिश्रित था। मंदिरों पर हमले हुए और मूर्तियां गिराई गईं। स्वामीजी पर हमले हुए। उन्होंने कहा कि हम यहां केंद्र की राजग सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वे तिरुपति लड्डू के घी में मिलावट में शामिल लोगों को सख्ती से दंडित करें। इसके अलावा, प्रदर्शनकारी समूह ने गोविंदा का जाप किया और सड़क पर नारियल भी फोड़े।

# सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल लापरवाही के मामले में कार्डियोलॉजिस्ट को दी राहत

## PMJYE लाभ के लिए दो मरीजों की मौत का आरोप

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सकीय लापरवाही के गंभीर मामले में आरोपित गुजरात के एक कार्डियोलॉजिस्ट को दी गई जमानत को रद करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि आरोपित चिकित्सक को राहत देते हुए कहा कि उन्हें सेवा करने दें। इस हृदयरोग विशेषज्ञ पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का साजिशन लाभ लेने के लिए दो लाभार्थियों पर अनावश्यक और गलत एंजियोप्लास्टी आपरेशन करने से दोनों मरीजों की मौत होने का आरोप है।

इसी आरोप में कार्डियोलॉजिस्ट को गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस जेके महेश्वरी और एएस चंदुर्कर की पीठ ने सोमवार, 9 फरवरी को गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें हाई कोर्ट द्वारा पिछले वर्ष 8 दिसंबर को हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत वजीरानी को दी गई नियमित जमानत को चुनौती दी गई थी। पीठ ने गुजरात सरकार की ओर से उपस्थित वकील स्वाति घिल्डियाल से कहा, वह एक डॉक्टर हैं, एक कार्डियोलॉजिस्ट हैं, उन्हें बतौर चिकित्सक सेवा करने दें। आप उन पर नजर रख सकते हैं। यदि वह कुछ गलत कर रहे हैं, तो आप कार्रवाई कर सकते हैं। इस पर गुजरात सरकार ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और डाक्टर द्वारा किए गए अनावश्यक आपरेशनों के कारण दो व्यक्तियों की जान चली गई है। इसके जवाब में जस्टिस महेश्वरी ने कहा, हमने सभी सामग्री देखी है। हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय ने डाक्टर की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार से भी पूछा, वह यह सब क्यों कर रहे थे। आप एक कार्डियोलाजिस्ट हैं, इस सब में क्यों लिप्त हो रहे हैं। पिछले वर्ष 8 दिसंबर को उच्च न्यायालय ने वजीरानी को जमानत दी थी, जिन्होंने अहमदाबाद के ख्याति मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल में पीड़ितों पर एंजियोप्लास्टी की थी। पुलिस के अनुसार पीड़ितों पर आपरेशन कर स्टेंट लगाए गए केवल पीएमजेएवाई योजना का लाभ उठाने के लिए, क्योंकि सरकार अस्पताल को योजना के लाभार्थियों पर किए गए सर्जरी के लिए भुगतान करती।

# संपत्ति बंटवारे में धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा मद्रास HC का फैसला



**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक विरासत की लड़ाई के मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट किया है कि संपत्ति के बंटवारे या सेटलमेंट डीड में यदि जालसाजी और धोखाधड़ी के साक्ष्य मिलते हैं, तो आरोपी को महज सिविल केस का हवाला देकर बख्शा नहीं जा सकता। दरअसल, पारिवारिक विरासत की लड़ाई का यह मामला चेन्नई के एक प्रतिष्ठित परिवार का है, जहां पिता की मानसिक स्थिति का लाभ उठाकर बड़े भाई द्वारा कथित रूप से पावर ऑफ अटॉर्नी और सेटलमेंट डीड के जरिए संपत्ति हड़पने का आरोप है।

8 जनवरी 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि एक ही पारिवारिक संपत्ति निपटान विलेखों से संबंधित आपराधिक और दीवानी दोनों मामले एक साथ चल सकते हैं इस मामले में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद कर दिया है जिसमें आपराधिक एक्शन पर रोक लगा दी गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दीवानी मामलों में दिए गए निष्कर्ष आपराधिक कार्रवाई को नहीं रोकते हैं, और निर्देश दिया कि आरोपी बड़े भाई और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी का मुकदमा जारी रखा जाए। यह मामला छोटे भाई द्वारा दायर अपील से उत्पन्न हुआ, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसके बड़े भाई, उसकी पत्नी और बेटे ने अपने दिवंगत पिता की मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर उनसे अपने पक्ष में पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित करवा ली। छोटे भाई ने बड़े भाई पर धोखाधड़ी, जालसाजी और संपत्ति निपटान दस्तावेजों को अपने (बड़े भाई के) नाम पर निष्पादित करवाने का आरोप लगाया।

# भारतीय रेलवे को मिलेगी नई गति, भीड़ कम करने और सुरक्षा के लिए कई मेगा प्रोजेक्ट्स को मिली मंजूरी

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश भर में यात्रियों और माल की आवाजाही को तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ-साथ भीड़भाड़ को खत्म करने के उद्देश्य से रेल अवसंरचना परियोजनाओं के एक व्यापक सेट को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य लाइन की क्षमता को बढ़ाना, सुरक्षा प्रणालियों में सुधार करना है।मंत्रालय के एक प्रेस बयान में कहा गया है कि इन स्वीकृतियों में दक्षिणी, उत्तरी और दक्षिण पूर्वी रेलवे शामिल हैं, जिनमें लाइन दोहरीकरण, तीसरी और चौथी लाइन, बाईपास कारिडोर और उन्नत इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम शामिल हैं।कवच प्रणाली को लागू किए जा रहे उत्तरी रेलवे मार्गों पर 34 स्टेशनों पर 421.41 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग को मंजूरी दिए जाने पर प्रकाश डालते हुए, मंत्रालय ने कहा कि इससे सुरक्षा और परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी। मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी रेलवे के अंतर्गत 411.96 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 13.46 किलोमीटर लंबी राजपुरा बाईपास लाइन की मंजूरी से उत्तरी रेलवे के सबसे व्यस्त गलियारों में से एक, अंबाला-जालंधर खंड पर क्षमता और परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में घोषित सात नए हाई-स्पीड रेल (एचएसआर) कारिडोर के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए कदम उठाए गए हैं, जो भारत में अगली पीढ़ी के यात्री सफर की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मदुरै की पहाड़ियों पर नमाज के सीमित अधिकार और पशु बलि पर रोक जारी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें तमिलनाडु के मदुरै में तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ियों पर पशु बलि पर रोक लगाई गई थी और मुस्लिमों को नमाज के सीमित अधिकार दिए गए थे।जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने हाई कोर्ट के अक्टूबर, 2025 के आदेश को संतुलित बताते हुए उसमें दखल देने से इन्कार कर दिया। हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में दावा किया गया था कि यह धर्म की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इलाके में कभी कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं रही, इस पर पीठ ने कहा कि अगर ऐसी समस्या नहीं होती तो शांति समिति की बैठक नहीं होती।

# भारत को 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए 22.7 ट्रिलियन डॉलर निवेश की जरूरत, नीति आयोग की रिपोर्ट

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

नीति आयोग ने सोमवार को एक अध्ययन में कहा कि भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कुल 22.7 ट्रिलियन डालर के निवेश की जरूरत होगी।अध्ययन के अनुसार, इसके लिए हर वर्ष 500 अरब डालर का निवेश करना होगा, जबकि 2024 में वास्तविक निवेश लगभग 135 अरब डालर रहा है। इसमें से केवल 70-80 अरब डालर का निवेश ही स्वच्छ ऊर्जा का समर्थन करता है। अध्ययन में कहा गया है कि कुल 22.7 ट्रिलियन डालर में से आठ ट्रिलियन डालर की राशि 2050 तक अग्रिम रूप से जुटानी होगी। इसमें से करीब पांच ट्रिलियन डालर बिजली क्षेत्र से जुड़ी होनी चाहिए। अध्ययन के अनुसार, घरेलू और बाहरी सुधारों के साथ भारत 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए करीब 16.2 ट्रिलियन डालर राशि जुटा सकता है। यानी आवश्यकता और अनुमानित प्रवाह के बीच 6.53 ट्रिलियन डालर के वित्तपोषण का अंतर बना हुआ है।घरेलू स्तर पर पूंजी जुटाने के लिए भारत को कारपोरेट बांड बाजार का आकार बढ़ाना होगा, घरेलू बचत के वित्तीयकरण को बढ़ाना और संस्थागत निवेशकों को नए क्षेत्रों में निवेश करने की अनुमति देनी होगी।

# हिंद महासागर में शांति के लिए साथ चलेंगे भारत-मॉरीशस पीएम मोदी से नवीनचंद्र रामगुलाम ने फोन पर की बात

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने रामगुलाम से कहा कि वे अगले सप्ताह एआइ प्रभाव सम्मेलन के लिए भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने मित्र, प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम का फोन आने से मुझे बहुत खुशी हुई। हमने पिछले साल वाराणसी में हुई यादगार मुलाकात के बाद से भारत और मॉरीशस के बीच व्यापक सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों को जोड़ने वाले विशेष, ऐतिहासिक और जन-केंद्रित संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। भारत और मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। मार्च 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस यात्रा के बाद रामगुलाम सितंबर 2025 में भारत की राजकीय यात्रा पर आए थे, जो उनके वर्तमान कार्यकाल में उनकी पहली विदेशी द्विपक्षीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष ने वाराणसी में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की थी, जिसमें दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच उन्नत रणनीतिक साझेदारी की व्यापक समीक्षा की और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के नए अवसरों की पहचान की, जो दोनों देशों, उनकी जनता और क्षेत्र के लिए साझा समृद्धि को बढ़ावा देगा।



# तिरुअनंतपुरम में महिला पुरुष की और पुरुष महिला की नहीं कर सकेंगे मसाज

**तिरूअनंपुरम, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

तिरुअनंतपुरम नगर निगम के महापौर वीवी राजेश ने सोमवार को स्पा केंद्रों में क्रॉस-मसाजिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह स्थानीय संस्कृति के खिलाफ है और राजधानी में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो शहर की संस्कृति पर इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। भाजपा महापौर की यह टिप्पणी राजधानी में अवैध गतिविधियों में संलिप्त स्पा केंद्रों खासतौर पर क्रॉस-मसाजिंग के खिलाफ विशेष अभियान की घोषणा के एक दिन बाद आई। यह कदम पथानामथिट्टा जिले के तिरुवल्ला में हुई हालिया घटना के बाद उठाया गया, जहां एक गैंग्सटर ने पैसे देने से इनकार करने पर एक स्पा कर्मचारी से दुष्कर्म किया था।महापौर ने बताया कि पहले चरण में शहर सीमा के भीतर संचालित सभी स्पा केंद्रों की जोनवार जांच की जाएगी। इसमें दस्तावेजों की सत्यता, लाइसेंस और अनुमत गतिविधियों का सत्यापन शामिल होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कानून के अनुसार किसी स्पा में योग्य मसाज थेरेपिस्ट की अनिवार्यता है और वह मौजूद नहीं है, तो इसे अवैध माना जाएगा। महापौर ने कहा कि महिलाओं द्वारा पुरुषों और पुरुषों द्वारा महिलाओं की मसाज से अलग तरह की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। अगर कोई गतिविधि कानूनन वैध है, तो हस्तक्षेप की जरूरत नहीं लेकिन अवैधता पर सख्त कार्रवाई होगी। पथनमथिट्टा के तिरुवल्ला में एक गैंग्सटर द्वारा स्पा कर्मी से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार आरोपित की पहचान पथनमथिट्टा जिले के निरानम निवासी वरुण कुमार के रूप में हुई है जो सुबिन अलेक्जेंडर के गिरोह का सदस्य है। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इससे पहले मुख्य आरोपित सुबिन अलेक्जेंडर और उसके करीबी बर्लिन दास को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# भूमि अधिग्रहण मुआवजा अपीलों में देरी माफ, सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण मामलों में मुआवजे के खिलाफ दायर अपीलों को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि ऐसी अपीलें केवल देरी के आधार पर खारिज नहीं की जा सकतीं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा-5 के तहत देरी को माफ कर सकता है और 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून की धारा-74 इस अधिकार में बाधा नहीं डालती।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और एससी शर्मा की पीठ ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 की धाराओं 24, 74 और 103 की व्याख्या करते हुए कहा कि 1894 के पुराने कानून के तहत शुरू हुई उन कार्यवाहियों में, जहां एक जनवरी 2014 से पहले अवार्ड पारित नहीं हुआ था, मुआवजे का निर्धारण 2013 के नए कानून के अनुसार होगा।

# दिल्ली की हवा में सुधार, सर्दी के मौसम में केवल 10 दिन गंभीर श्रेणी में AQI- पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि 2025-26 की सर्दियों (अक्टूबर-जनवरी) के दौरान दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर केवल 10 दिन रही, जबकि 2016-17 में यह आंकड़ा 31 दिन था। उन्होंने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत 130 शहरों द्वारा किए गए प्रयासों से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिनमें से 103 शहरों में 2017-18 की तुलना में 2024-25 में पीएम10 की सांद्रता में कमी देखी गई है। इनमें से 64 शहरों में पीएम10 के स्तर में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और इनमें से 25 शहरों में 40 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई है।केंद्रीय मंत्री ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों को गिनाते हुए कहा कि दिल्ली का औसत एक्यूआई 2018 में 225 से सुधरकर 2025 में 201 हो गया है। केंद्र सरकार ने कंपनी कानून के प्रविधानों का पालन न करने पर 703 कंपनियों पर कुल मिलाकर 55 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। लोकसभा में लिखित जवाब में आंकड़े प्रस्तुत करते हुए, कार्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रविधानों का पालन न करने में वृद्धि का कोई संकेत नहीं मिला है।

# देश की पहली दृष्टिबाधित जज बनेंगी तान्या नाथन

## केरल हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को भेजी सूची, नियुक्ति पत्र का इंतजार



**केरल, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

इरादे बुलंद हों तो तमाम बाधाओं के बावजूद सफलता जरूर मिलती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। केरल की दृष्टिबाधित तान्या नाथन ने इस बात को चरितार्थ कर दिखाया है। तान्या ने दिव्यांगता के बावजूद सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की परीक्षा में दिव्यांग श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।वह संभवतः देश की पहली दृष्टिबाधित जज होंगी। केरल हाई कोर्ट ने चयन सूची राज्य सरकार को भेज दी है, जो अब नियुक्ति आदेश जारी करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष जब दिव्यांगों को न्यायिक सेवा में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे 24 वर्षीय तान्या को अपने सपनों को साकार करने का मौका मिला। कन्नूर जिले के मंगड की निवासी तान्या ने ला में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद न्यायिक सेवा की परीक्षा की तैयारी की। उन्हें मेहनत का फल मिला और अब वह केरल की पहली दृष्टिबाधित न्यायाधीश बनने जा रही हैं।

नियुक्ति पत्र आने का इंतजार कर रही तान्या ने कहा कि वह इस पेशे की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। तान्या ने कहा, मुझे पता है कि यह चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन तकनीक के विकास के कारण अधिकांश न्यायिक कार्य स्क्रीन रीडर और डिक्टेशन साफ्टवेयर जैसे मददगार उपकरणों का इस्तेमाल करके किए जा सकते हैं। जन्म से ही दृष्टिबाधित तान्या ने अपनी पढ़ाई धर्मडोम के दिव्यांग छात्रों के स्कूल से शुरू की। उन्होंने परासिनीकडावु उच्च माध्यमिक स्कूल से 10वीं तक और मोराझा राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। कन्नूर विश्वविद्यालय में एलएलबी पाठ्यक्रम में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वह संस्थान में दृष्टिबाधित एकमात्र छात्रा थीं।उन्होंने वकील के तौर पर पंजीकरण कराने के बाद कन्नूर के थालीपरंबा में वकालत शुरू की। इसी दौरान 2025 में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस आर. महादेवन ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दिव्यांगों को न्यायिक सेवा में प्रवेश की अनुमति दी। तान्या ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले ने मुझे परीक्षा की अधिसूचना जारी होने पर आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। तान्या ने परीक्षा की तैयारी अपने दम पर की। ब्रेल लिपि का उपयोग करके खुद ही नोट्स तैयार किए। साक्षात्कार के लिए उन्होंने तिरुअनंतपुरम में एक वकील से मार्गदर्शन लिया।

# सीजन के अंत में पैक करने से पहले ऐसे साफ करें ऊनी कपड़े, नहीं आएगी दुर्गंध

**जब मौसम गर्म होने लगता है तो लोग अपने सर्दियों के कपड़ों को पैक करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, उन्हें पैक करने से पहले उन्हें अच्छे से साफ करना जरूरी होता है। ऐसा न करने पर उनमें मौजूद गंदगी और बैक्टीरिया अगले सीजन तक बढ़ जाते हैं और उनसे दुर्गंध आती रहती है। आपको अपने ठंड के ऊनी कपड़ों को पैक करने से पहले इस तरह से साफ कर लेना चाहिए।**

सबसे पहले कपड़ों को अलग-अलग करें

सबसे पहले ऊनी कपड़ों को अलग-अलग कर लेना चाहिए। उदाहरण के लिए अगर आपके पास स्वेटर, मफलर, जैकेट और टोपी आदि हैं तो उन्हें अलग-अलग करें। इससे आपको यह पता लग जाएगा कि आपको कितने ऊनी कपड़े धोने हैं। इसके अलावा आप उन्हें रंगों के अनुसार भी अलग कर सकते हैं, जैसे हल्के रंग के ऊनी कपड़े एक जगह और गहरे रंग के ऊनी कपड़े एक जगह पर रखें। इससे आपके लिए उन्हें साफ करना आसान हो जाएगा।

ऊनी कपड़ों को धोने के लिए इस्तेमाल करें ये तरीका

ऊनी कपड़ों को धोने के लिए मुलायम ब्रश का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले मुलायम ब्रश को गुनगुने पानी में भिगोएं, फिर इससे कपड़े को हल्के हाथों से रगड़ें। इससे कपड़ों पर जमी गंदगी आसानी से निकल जाएगी। इसके अलावा मुलायम ब्रश से रगड़ने पर ऊनी कपड़े के रेशे भी नहीं निकलेंगे। यह तरीका ऊनी कपड़ों को धोने के लिए सबसे सुरक्षित और प्रभावी माना जाता है। इसके अलावा आप उन्हें पानी में भिगोकर भी साफ कर सकते हैं।



ऊनी कपड़ों को धोते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

ऊनी कपड़ों को धोते समय गर्म पानी का इस्तेमाल न करें, क्योंकि गर्म पानी ऊनी कपड़े को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके बजाय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और हमेशा हल्के साबुन का उपयोग करें। इसके अलावा कपड़ों को ज्यादा देर तक पानी में न भिगोएं, क्योंकि इससे उनका आकार बिगड़ सकता है। इसके लिए 5-10 मिनट का समय ही काफी है। इसके बाद कपड़ों को हल्के हाथों से रगड़कर साफ कर लें।

सूखने के बाद ऊनी कपड़ों को कैसे करें स्टोर?


ऊनी कपड़ों को धोने के बाद उन्हें अच्छे से सुखाना बहुत जरूरी है, ताकि उनमें कोई नमी न रहे। नमी के कारण कपड़ों में फफूंद लग सकती है या उनसे एक दुर्गंध आ सकती है। इसके लिए उन्हें धूप में सुखाना सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। धूप में सुखाने से कपड़ों की महक भी ठीक रहती है और उनकी गुणवत्ता पर भी असर नहीं पड़ता। इसके बाद कपड़ों को साफ और सूखे डिब्बे या बैग में रखें।

ऊनी कपड़ों को पैक करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ऊनी कपड़ों को पैक करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वे पूरी तरह से सूखे हों और उनमें कोई नमी न हो। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि उन्हें धूप में कुछ घंटों तक रखें। इसके अलावा आप कपड़ों के बीच में लैवेंडर या किसी अन्य सुखद महक वाला पैकेट रखें, ताकि उनमें महक बनी रहे और वे अगले सीजन तक ताजा रहें। इस तरह आप अपने ऊनी कपड़ों को सही तरीके से पैक कर सकते हैं।



## पिंक लहंगे में पलक तिवारी मचाया गदर, ग्लैम लुक ने सोशल मीडिया पर मचाया तहलका



एंटरटेनमेंट की दुनिया में श्वेता तिवारी अपनी फिटनेस और खूबसूरती को लेकर अकसर सुर्खियों में छाई रहती हैं, लेकिन इश बार उनकी बेटी यंग डीवा पलक तिवारी ने अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक्स से अपनी मां को भी पीछे छोड़ दिया है. हाल ही में पलक ने अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिन्हें देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं. आइए जानते हैं इस हसीना का लेटेस्ट लुक क्यों बना चर्चा का विषय.

बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह पिंक कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं. उनका यह लुक सोशल मीडिया पर छा गया है. जिसपर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं.

मिरर वर्क वाले इस खूबसूरत लहंगे ने पलक की खूबसूरती को और भी निखार दिया है. इस लहंगे के साथ उन्होंने मैचिंग स्लीवलेस डीप नेक ब्लाउज पहना है, जिसने उनके पूरे लुक में एक ग्लैमरस टच जोड़ा है.

पलक ने अपने पूरे लुक को सिंपल लेकिन एलिगेंट रखा. उन्होंने सटल मेकअप, मैचिंग इयररिंग्स और खुले बालों के साथ अपने स्टाइल को कंप्लीट किया है. जिसमें वो किसी स्वर्ग से उतरी अप्सरा से कम नहीं लग रहीं हैं.

उनकी ये तस्वीरें फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही है और कमेंट सेक्शन में लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कई यूजर्स ने लिखा कि पलक अपने हर नए लुक के साथ खुद को और ज्यादा स्टाइलिश साबित करती हैं.

इन तस्वीरों में देखा जा सकता हैं, कि पलक कैसे एक से बढ़कर एक पोज दे रहीं हैं, कभी जमीन पर बैठकर तो कभी खड़े होकर एक्ट्रेस पूरे कॉन्फिडेंस के साथ किलर पोज जे रहीं हैं, जो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहे हैं.

इन तस्वीरों में खास बात है, पलक पिंक कलर का आउटफिट और वहीं पलक का पिंक मेकअप जिसमें उनकी खूबसूरती देखते ही बन रही हैं, इशकी के साथ पलक ने इन फोटोज के लिए पिंक कलर के बैकग्राउड को भी चुना है.

पलक तिवारी की हाल ही में द भूतनी सिनेमा घरों में रिलीज हुई थी, जिसमें उनके साथ संजय दत्त, मौनी रॉय जसे सितारे नजर आए थे, फिल्म सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फैंस को पलक की एक्टिंग खूब पसंद आई.

## शाल्मली खोलगड़े का नया ट्रैक इम्प्रेशन रिलीज, बोलीं- महिला खुद तय करे रिश्ते की दिशा, यही मेरे नए गाने की सोच है

**बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री में समय के साथ प्यार, रिश्तों और महिलाओं की भूमिका को देखने का नजरिया लगातार बदल रहा है। पहले के गानों में महिलाओं को अक्सर इंतजार करती, त्याग करती और भावनाओं में डूबी हुई दिखाया जाता था, वहीं आज के कलाकार नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ सामने आ रहे हैं।**

इसी बदले हुए दौर की एक मजबूत झलक प्लेबैक सिंगर शाल्मली खोलगड़े के नए गाने इम्प्रेशन में देखने को मिलती है। अपने इस नए गाने के जरिए शाल्मली ने एक म्यूजिकल एक्सपेरिमेंट किया है, जिसमें महिला खुद अपने रिश्ते की दिशा तय करती है। परेशान, बलम पिचकारी और लत लग गई जैसे यादगार गानों से पहचान बनाने वाली शाल्मली खोलगड़े ने अपने नए ट्रैक इम्प्रेशन को लेकर कहा, मैं अपनी सोच और अभिव्यक्ति के साथ आगे बढ़ती हूं।

यह गाना आज के दौर के रिश्तों को दर्शाता है, जहां आकर्षण दिखावे या बड़े-बड़े वादों से नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संतुलन और अपने आप में सहज होने से पैदा होता है। इसी सोच को गाना आगे बढ़ाने का काम करता है। म्यूजिक वीडियो में शाल्मली खुद डांस करती नजर आती हैं। शाल्मली ने गाने को लेकर कहा, इम्प्रेशन मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें मुझे संगीत और डांस दोनों के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला है।

एक कलाकार के तौर पर यह मेरे लिए बहुत संतोषजनक अनुभव रहा। पुराने समय के गीतों में महिलाओं के लिए भावनात्मक भूमिकाएं पहले से तय रही हैं, जहां इंतजार, तड़प और त्याग को ही प्रेम का पर्याय मान लिया गया था, लेकिन आज की सच्चाई इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। शाल्मली ने कहा, अब महिलाएं सिर्फ हालात का इंतजार करने वाली नहीं हैं, बल्कि वे खुद फैसले लेती हैं, नजरों से बात करती हैं और यह तय करती हैं कि रिश्ते की भावनात्मक गति कैसी होगी। इम्प्रेशन इसी सोच को सामने लाता है।



## सूखी खांसी होने पर पिएं ये हर्बल चाय, कर सकती हैं दवा का काम

सूखी खांसी से गले में जलन हो सकती है और सांस लेने में भी तकलीफ हो सकती है। इसके कारण नींद भी प्रभावित होती है। हालांकि, कुछ हर्बल चाय इस समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकती हैं। ये चाय आपके गले को शांत करती हैं और सूजन को कम करती हैं। आइए आज हम आपको सूखी खांसी का इलाज करने वाली पांच हर्बल चाय की रेसिपी बताते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। अदरक की चाय में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो गले की जलन को कम कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी उबालें, फिर उसमें कटी हुई अदरक डालें और 10 मिनट तक पकाएं। इसके बाद इसमें नींबू का रस और शहद मिलाएं। अदरक की चाय पीने से गले की सूजन कम होती है और सांस लेने में आसानी होती है। यह चाय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। तुलसी की चाय में बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने वाले गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें, फिर उसमें तुलसी की पत्तियां डालें और 5-7 मिनट तक पकाएं। अब इसमें थोड़ा-सा हल्दी पाउडर डालें और अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और शहद मिलाकर पिएं। तुलसी की चाय पीने से गले की जलन कम होती है और सूखी खांसी से राहत मिलती है। पुदीने की चाय में ठंडक देने वाला मेंथॉल होता है, जो नाक बंद होने को खोलता है और सांस लेने में आसानी होती है। इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें, फिर उसमें पुदीने की पत्तियां डालें और 5 मिनट तक पकाएं। अब इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और शहद मिलाकर पिएं। पुदीने की चाय पीने से गले की जलन कम होती है और सूखी खांसी से राहत मिलती है। शहद और नींबू दोनों ही प्राकृतिक मिठास देते हैं और गले को शांत करते हैं। इसके लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच शहद मिलाएं, फिर उसमें नींबू का रस डालें। इस मिश्रण को अच्छे से मिलाकर पिएं। शहद और नींबू की चाय पीने से गले की जलन कम होती है और सूखी खांसी से राहत मिलती है। यह मिश्रण न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। कैमोमाइल चाय में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो गले की जलन को कम करते हैं। इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें, फिर उसमें कैमोमाइल फूल डालें और 5 मिनट तक पकाएं। अब इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और शहद मिलाकर पिएं। इन सभी हर्बल चाय का सेवन करके आप आसानी से सूखी खांसी से राहत पा सकते हैं।



## शब्द सामर्थ्य -311

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## अब एक महीने पहले रिलीज होगी अक्षय की भूत बंगला



प्रियदर्शन के निर्देशन में बनने वाली अक्षय कुमार की मच अवेटेड फिल्म 'भूत बंगला' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब एक बार फिर 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव हुआ है। पहले 2 अप्रैल को रिलीज होने वाली इस फिल्म को बाद में 25 मई को रिलीज किया जाना था। लेकिन अब मेकर्स ने एक बार फिर रिलीज की तारीख बदल दी है। जानिए अब किस दिन सिनेमाघरों में आएगी फिल्म और आखिर क्यों लिया गया ये फैसला? अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की है। अक्षय ने एक वीडियो साझा किया है, इसमें एक काली बिल्ली नजर आती है।

## देवरहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमत महायज्ञ का भव्य आयोजन



**कोरिया।** हनुमान भक्ति, श्रद्धा और सनातन आस्था का अद्भुत संगम एक बार फिर क्षेत्रवासियों को पुण्य लाभ प्रदान करने जा रहा है। देवरहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष श्री संकट मोचन हनुमत 7 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। यह महायज्ञ दिनांक 10 फरवरी, दिन मंगलवार से विधिवत प्रारंभ होगा। महायज्ञ की शुरुआत पावन कलश यात्रा के साथ की जाएगी, जो मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रेमाबाग शिव मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो जाएगा। आयोजकों के अनुसार, यह महायज्ञ लोक कल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और संकट निवारण के संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना, हवन, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। साथ ही प्रतिदिन प्रवचन एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। देवरहा बाबा सेवा समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस पावन आयोजन में सपरिवार शामिल होकर पुण्य के भागी बनने की अपील की है। समिति का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और संस्कारों का विकास होता है। हनुमान भक्तों के लिए यह महायज्ञ आस्था, भक्ति और सेवा का एक अनुपम अवसर है। क्षेत्रवासियों में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और सभी श्रद्धालु बेसब्री से इस दिव्य अनुष्ठान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय में लंबे समय से अवैध अतिक्रमण और बेतरतीब ढंग से लगाए गए होर्डिंग, पोस्टर और बैनरों के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विद्युत पोलों, सार्वजनिक स्थलों, पेड़ों और सड़कों के किनारे लगाए गए प्रचार सामग्री न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे थे, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी बाधित कर रहे थे। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में तथा नगर पालिका परिषद के सहयोग से नगर पालिका क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

प्रशासनिक टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और व्यस्त इलाकों में लगे अवैध होर्डिंग, पोस्टर और बैनरों को हटाया। इसके साथ ही पेड़ों पर लगाए गए बैनर-पोस्टर भी हटाए गए, जो पर्यावरण की दृष्टि से भी नुकसानदायक थे। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे पानी लगाकर अथवा अस्थायी ढंग से संचालित की जा रही अवैध दुकानों को भी हटाया गया। इन दुकानों के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो जाती थी, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ट्रैफिक जाम एक सामान्य समस्या बन

### ट्रैफिक जाम से मिली राहत

चुकी थी। खासकर कार्यालय समय, स्कूल खुलने और बंद होने के दौरान तथा बाजार के व्यस्त घंटों में वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी कई बार जाम में फंसना पड़ता था। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है।

कार्रवाई के बाद आम नागरिकों ने राहत की सांस ली है। वाहन चालकों का कहना है कि सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटने के बाद आवाजाही पहले की तुलना में सुगम हो गई है। वहीं, पैदल चलने वालों के लिए भी फुटपाथ और सड़क किनारे चलना अब अपेक्षाकृत सुरक्षित हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से की जाए तो शहर की यातायात और स्वच्छता व्यवस्था में स्थायी सुधार संभव है। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से होर्डिंग, पोस्टर और बैनर लगाना नियमों के विरुद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर



पालिका परिषद के कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका से यह अभियान सफल रहा। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के हित में यह आवश्यक है कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी जाए। इससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि शहर की छवि भी बेहतर होगी। प्रशासन की इस पहल को जनहित में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जो आने वाले समय में बैकुंठपुर को अधिक सुव्यवस्थित और सुगम शहर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## विकसित भारत जीरामजी से गरीबों,मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार होगा

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बचरापोंडी के बचराबांध मे विकसित भारत जी राम जी के संबंध मे मंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,विकसित भारत जी राम जी के प्रदेश सह संयोजक कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, चुन्नी पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, वरिष्ठ नेता अवधबिहारी जायसवाल,सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष किशोर सिरदार, मंडल महामंत्री सुरेश सिरदार, महिला मोर्चा अध्यक्ष आभा चौहान उपस्थित रहें।

कार्यक्रम मे विधायक भईयालाल राजवाड़े ने संबोधित करते कहा कि, मोदी सरकार का लक्ष्य विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास मे मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा इससे पहले कांग्रेस की सरकार ने मनरेगा में कोई



ट्रांसपेरेंसी नहीं था, साथ ही तालाब गहरीकरण, मट्टी मुरुम सहित अनेक कार्य मे व्यापक भ्रष्टाचार हुआ करता था। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने विकसित भारत G-RAM-G बिल के राज्य स्तर पर क्रियान्वयन की रूपरेखा स्पष्ट होगी। यह योजना न केवल रोजगार बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति प्रदान करेगी। भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश विकसित भारत के सपने में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे हर गांव समृद्ध और हर हाथ को काम मिलेगा। यह कदम ग्रामीण जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा। विकसित भारत जी राम जी के प्रदेश सह संयोजक कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा अब ग्रामीण भारत बदल गया है, गाँवो मे कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है, आजीविका में विविधता आई है। उन्होंने कहा कि, अब जी राम जी योजना में रियल टाइम डेटा अपलोड होगा,मोबाइल से मॉनिटरिंग होगी,एआई द्वारा फ्रॉड का डिटेक्शन होगा और सही लाभार्थियों को काम मिलेगा। गरीबों,मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार होगा। जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा मोदी सरकार किसान और मजदूर दोनों के हित को ध्यान में रखकर विकसित भारत जी राम जी योजना को बनाया गया है। जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू ने कहा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन बिल केन्द्र सरकार की एक क्रांतिकारी पहल है, इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को मजबूत रोजगार गारंटी प्रदान करना है, इसे विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़कर और अधिक प्रभावी बनाया गया है। कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष किशोर सिरदार ने स्वागत उद्बोधन किया। साथ ही अन्य वक्ताओं ने विकसित भारत जी राम जी के संबंध मे संबोधित किया। मंच संचालन सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भईयालाल साहू, विमला सिंह, श्यामनारायण जायसवाल, राज कुमार यादव, रामप्रताप साहू, लक्ष्मी यादव, बृजलाल कुसरो, सुमेर सिंह, भगमनिया कुर्रे, हमेंद्र राजवाड़े, फूलचंद चक्रधारी, हिरावन साहू, प्रवीण साहू, राजेन्द्र सिरदार, कैलास कुर्रे एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## जर्नी ऑफ़सैनिटेशन हाइजीन 'जोश' से बदली संस्थागत शौचालयों की तस्वीर

**एमसीबी।** जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढ़ की अनूठी पहलजर्नी ऑफ़ सैनिटेशन हाइजीन जोश ने मात्र एक माह में ही सकारात्मक परिणाम देना शुरू कर दिया है। 5 जनवरी से प्रारंभ इस अभियान का संचालन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक जिले की 86 संस्थाओं-जिनमें आंगनवाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, विद्यालय एवं छात्रावास शामिल हैं-के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई की गई है। इससे संस्थागत परिसरों की स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और शौचालयों की उपयोगिता भी बढ़ी है। अभियान ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को बढ़ाते हुए संस्थाओं में बेहतर वातावरण का निर्माण किया है। अभियान के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। अब तक लगभग 13 हजार रुपये की अतिरिक्त आय यूजर चार्ज के रूप में सृजित की जा चुकी है, जिससे युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में मदद मिली है।जोश स्वच्छता प्रहरी के माध्यम से नागरिक व्यक्तिगत शौचालयों और व्यावसायिक संस्थानों की साफ-सफाई की सेवा भी प्राप्त कर सकते हैं। सेवा हेतु भरतपुर के लिए लल्लू लाल (9294529168), खड़गवां के लिए राजेश कुमार (9238482765) तथा मनेन्द्रगढ़ के लिए प्रीतम कुमार (7879580631) से संपर्क किया जा सकता है।

## पंच संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की उठाई मांग



**कोरिया सोनहत।** पंच संघ द्वारा ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। पंच संघ ने एसडीएम के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सोनहत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सोनहत को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से पंचों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों, प्रशासनिक समन्वय, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जनहित से जुड़े कई मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। इन समस्याओं के कारण पंचायत प्रतिनिधियों को कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम ग्रामीणों को भी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंच संघ ने प्रशासन से मांग की कि इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इस कार्यक्रम में पंच संघ अध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी ने कहा कि पंच पंचायत व्यवस्था की सबसे निचली और महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यदि पंचों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं होगा तो इसका सीधा असर गांव के विकास पर पड़ेगा। पंच संघ उपाध्यक्ष कन्हैया जायसवाल एवं संयोजक लव प्रताप सिंह ने भी प्रशासन से सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंच संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कृष्णा प्रजापति (पंच चकडांड), करिश्मा सोनवानी (पंच केशगवा), प्रियंका यादव (उपसरपंच बसवाही), समुद्री बाई (पंच बसवाही), धर्मजीत सोनपाकर (पंच मझारटोला), सुषमा, पप्पू राम, विजय पाल (पंच रावतसरई), चंदा कुजूर (पंच कैलाशपुर), कलावती (उपसरपंच कैलाशपुर), अमरासो (पंच मेंड्रा), ओम प्रकाश नवल सिंह (पंच अकलासरई), ललिता (उपसरपंच केशगवा), सुनीता (पंच मझारटोला), हाफिज, भूपेंद्र राजवाडे, राजेन्द्र सहित सोनहत क्षेत्र के अनेक पंच शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## जिला भाजपा बूथ स्तर पर बैठक कर बनायी अगली कार्ययोजना

**बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया द्वारा बूथ स्तरीय प्रभारियों का भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़ में आगामी कार्ययोजना हेतु बैठक आयोजित किया गया। अतिथियों ने भारत माता,डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजली अर्पित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, सहकारी बैंक सरगुजा उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, अशोक जायसवाल, राजेश सिंह, चून्नी पैकरा, अनिल साहू, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक बिनोद साहू, जिला मंत्री सुनिता कुर्रे,जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य गीता



राजवाड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि, केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है और संगठन कार्य को बूथ स्तर पर सफल क्रियान्वयन करने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि, बूथ प्रभारी अब सीधे बूथ पर प्रवास कर बूथ समिति का सत्यापन कर बूथ की संरचना को और बेहतर बनाने एवं संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है और ऐसे समय में हम सभी का जिम्मेदारी और बढ़ जाता है, उन्होंने कहा कि, विकसित भारत रोजगार फॉर गांरटी योजना से हर में रोजगार के नए असवर मिलेगा, और गांव के श्रमिक आर्थिक रूप से मजबूत होगा।

इस अवसर पर जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा, संजय चिकनजूरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, अज मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, कामतानाथ तिवारी, धीरेन्द्र साहू, रामसुंदर राजवाड़े, अंचल राजवाड़े, संगीता गुप्ता, आनंद राजवाड़े, सुरेन्द्र कुशवाहा,सुशील यादव, कुन्ती चक्रधारी, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, श्रीराम राजवाड़े, अहिल्या राजवाड़े, अभिमन्यु मृदुली, रूपचंद गुप्ता सहित बूथ प्रभारी काफी संख्या में उपस्थित रहें।

## एनीकट में नहाने गए दो नाबालिग डूबे दूसरे दिन रेस्क्यू में मिले शव

**सूरजपुर।** जिले के रामनगर स्थित मोहरा एनीकट में नहाने के दौरान दो नाबालिग बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर की है, जब दोनों बच्चे दोस्तों के साथ घूमने के लिए एनीकट पहुंचे थे।।नकारी के अनुसार, शिवनंदनपुर निवासी आदिल अंसारी (12 वर्ष), पिता सेराज अंसारी और जयनगर कुंजननगर निवासी अयान सद्दाम (15 वर्ष), पिता मो. जावेद एनीकट में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते डूब गए।घटना की सूचना मिलते ही डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और तलाश अभियान शुरू किया गया। हालांकि, देर शाम तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिल सका। अंधेरा होने और सुरक्षा कारणों के चलते रविवार रात रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया और क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई।

## प्रोजेक्ट उन्नति के तहत अकुशल श्रमिकों को बनाया जा रहा है राजमिस्त्री

### तीसरे बैच में अब 35 युवा बनेंगें राजमिस्त्री, 70 का कौशल उन्नयन पूर्ण,



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अकुशल श्रम से स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ाने के लिए युवा श्रमिकों को कौशल विकास हेतु निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले में बड़ी संख्या में प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास योजना के बड़े लक्ष्य के लिए ग्राम पंचायतों में राजमिस्त्री उपलब्ध हो सकें इसके लिए राजमिस्त्री का प्रशिक्षण निरंतर प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आर सेटी के माध्यम से आफलाइन मोड में मनरेगा अंतर्गत प्राजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत प्रदान किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजागार गांरटी योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100 कार्यदिवस का अकुशल रोजगार प्रदान किया जाता है। योजनांतर्गत पंजीकृत परिवारों के ऐसे युवा जो निरंतर 60 दिन से अधिक का अकुशल श्रम करते रहते हैं उन्हे प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत निशुल्क प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास किया जा रहा है। जिससे वह बेहतर आजीविका स्तर पर आगे बढ़ सकें। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत इस बार 35 युवाओं को सोनहत जनपद पंचायत से लिया गया है। इन्हे राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आरसेटी के माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण में सोनहत जनपद की ग्राम पंचायत सोनहत के ही युवा शामिल हैं। विदित हो कि प्रोजेक्ट उन्नति के तहत जनपद पंचायत सोनहत में 105 श्रमिकों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसमें से 70 युवा प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार से जुड़ गए हैं। अब यह अंतिम बैच के युवा मैदानी स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत आरसेटी के माध्यम से मैदानी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को प्रतिदिन मैदानी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। गत 3 फरवरी से आरंभ हुए राजमिस्त्री का यह प्रशिक्षण आगामी 4 फरवरी को पूर्ण हो जाएगा और उसके बाद अकुशल श्रमिक कहलाने वाले युवा प्रशिक्षित राजमिस्त्री हो जाएंगे। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्णता के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित राजमिस्त्री की आवश्यकता को देखते हुए प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत निरंतर युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे आने वाले समय में हमें प्रधानमंत्री आवास निर्माण को और गति देने में सहूलियत होगी।

# किसानों के समर्थन में उतरेगा आम आदमी पार्टी

### धान खरीदी तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास का करेंगी घेराव

**जनकपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सरकार के किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किसानों के हित में निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। प्रदेश के लाखों किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया, इसके बावजूद सरकार द्वारा 6 फरवरी को धान खरीदी बंद कर देना किसानों के साथ खुला अन्याय है। इसी के विरोध में आम आदमी पार्टी 10 फरवरी को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी।

आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने कहा कि सरकार ने 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी शुरू की, लेकिन बेहद कम समय सीमा में इसे बंद कर दिया, जबकि आज भी प्रदेश भर में किसान धान लेकर खरीदी केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के खिलाफ सुनियोजित साजिश है। सरकार ने कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों को सड़क पर खड़ा कर दिया है। अगर सरकार ने तुरंत धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई, तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि धान बेचने के बाद भी किसानों को उनका पूरा पैसा नहीं मिल पा रहा है। किसान सुबह 6 बजे से को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर लाइन में खड़ा रहता है और उसे एक बार में सिर्फ 20 से 25 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।



सरकार ने साजिश के तहत छोटे किसानों से जबरन रकबा समर्पण करवाया, खरीदी केंद्रों की प्रतिदिन की लिमिट घटाई और टोकन व्यवस्था को जानबूझकर बिगाड़ा। उन्होंने सवाल उठाया कि पटवारी, आरआई और तहसीलदार किसानों के घर जाकर भौतिक सत्यापन कर रहे हैं, क्या सरकार की नजर में किसान चोर हैं? सच यह है कि भाजपा सरकार की मंशा ही धान खरीदने की नहीं थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की किसान-विरोधी नीतियों ने हालात और बदतर कर दिए हैं। अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 0% टैरिफ लगाकर भारतीय किसानों की कमर तोड़ने की तैयारी की जा रही है। यह ट्रेड डील देश के अन्नदाता के खिलाफ है और आने वाले समय में भारतीय कृषि व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर देगी।छत्तीसगढ़ में लगभग 3 लाख किसान धान बेचने से वंचित रह गए हैं। जिन किसानों ने कर्ज लिया है, वे उसे कैसे चुकाएंगे? अगर कोई किसान आत्महत्या करता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। किसानों के हित की बात करने वाली सरकार धान खरीदी में पूरी तरह फेल हो चुकी है। भाजपा सरकार किसानों से जबरन रकबा समर्पण करवाने के लिए माफी मांगे और तत्काल सभी किसानों के लिए समुचित टोकन व्यवस्था लागू करे। उन्होंने मांग किया धान खरीदी की समाप्त की गई 6 फरवरी की समय सीमा को बढ़ाकर कम से कम 28 फरवरी तक किया जाए, ताकि प्रदेश का अन्नदाता किसान अपना एक-एक दाना बेच सके। अगर सरकार नहीं मानी, तो 10 फरवरी का मुख्यमंत्री निवास घेराव ऐतिहासिक होगा। यह घेराव किसानों के हक़ की लड़ाई है और जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

## पुलिस अधिक्षक ने ली थानों की क्राईम मीटिंग

**दुर्ग।** पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम, दुर्ग में जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता, लंबित अपराधों एवं प्रकरणों की स्थिति, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा प्रशासनिक अनुशासन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों में त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित की जाए। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन, गवाहों के कथन, तकनीकी साक्ष्य तथा वैधानिक प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाए। आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों एवं वारंटियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों एवं जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित अपराधों, चालान एवं न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। समस्त थाना प्रभारी प्रतिदिन प्रातः अथवा सायंकालीन समय में अनिवार्य रूप से थाना के गणना उपस्थित सुनिश्चित करेंगे। स्थानीय स्तर पर प्राप्त जन-शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों की सूचना समय पर संबंधित राजपत्रित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से दी जाए।

# चरित्र पर उठाए सवाल तो हंसिया से हमला कर बेटी ने कर दी पिता की हत्या

### मध्य रात्रि ढाई बजे रलिया गांव में हुई घटना



**कोरबा।** कभी यहां तो कभी वहां हो रही हत्या की घटनाओं ने कोरबा जिले को सूर्खियों में ला दिया है। ढेलवाडीह में एक दिन पहले पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया और पिछली रात रलिया गांव में बेटी ने धारदार हंसिया से हमला कर पिता की जान ले ली। चरित्र पर कीचड़ उछालने से क्षुब्ध होकर उसने इस घटना को अंजाम दिया। शुरुआती तौर पर लोगों के जरिए यही जानकारी पुलिस तक पहुंची है।

हरदीबाजार पुलिस थाना से 5 किलोमीटर दूर रलिया के एक मोहल्ले में अशोक केंवट की जान लेने का काम 25 वर्षीय बेटी गीता केंवट ने किया। गीता उसकी दो बहनें और माता काफी समय से कोरबा में निवासरत हैं। ये सभी मृतक के व्यवहार और शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से दुखी बताए गए। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी है, इस तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ मौकों पर हुई घटनाओं की जानकारी लोगों को है। हालांकि किसी ने भी इस बारे में हस्तक्षेप की कोशिश नहीं की, क्योंकि वे अशोक के व्यवहार से वाकिफ थे।

हरदीबाजार टीआई प्रमोद डडसेना ने बताया कि हत्या की यह वारदात गत रात्रि अशोक के घर पर हुई। मानसिक रूप से अस्वस्थ उसकी बेटी गीता केंवट ने इस कारनामे को अंजाम दिया। वह किस तरह से इतनी रात को यहां पहुंची, इस बारे में अधिकृत जानकारी नहीं हो सकी है। जो कुछ पता चला उसके आधार पर हंसिया से पिता पर हमला करने के निशान यहां देखे गए। आज सुबह इस घटना की खबर आसपास में फैली, जिसके बाद स्थानीय लोग हरकत में आए। उनके द्वारा पुलिस को अवगत कराया गया। निरीक्षक ने बताया कि फिलहाल मर्ग और अपराध दर्ज करने के साथ शव का पंचनामा किया गया। अशोक के परिजनों सहित आसपास के लोगों से औपचारिक जानकारी ली गई। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की मदद भी इस मामले में ली गई। घटना को अंजाम देने वाली 25 वर्षीय युवती को फौरी तौर पर हिरासत में लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना के पीछे जो कारण बताया जा रहा है, उसके अनुसार आरोपी अपने पिता के द्वारा चरित्र पर उठाए जा रहे सवाल और आरोप से क्षुब्ध थी। स्थानीय स्त्रोतों से ज्ञात हुआ कि मृतक के द्वारा उनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कोरबा में रहकर अनैतिक काम में लिप्त हैं। कुछ दिनों पहले पिता की प्रताड़ना से परिजन वैसे ही परेशान थे। उस दौरान भी उनके द्वारा इस बात को कहा गया था कि आसपास के लोग तो इस तरह की बात करते ही हैं और अब आपके द्वारा भी इस तरह के लांछन लगाना बर्दाश्त के बाहर है। संभवत: यह बात भीतर तक चुभी और फिर यही अशोक केंवट की जिंदगी के लिए अंतिम कील साबित हुई।

# शहरी उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया बढ़कर हुआ 136 करोड़

### वसूलने में परेशानी, अपनाए जा रहे कई विकल्प



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी ने रजत जयंती वर्ष को उपलब्धि भरा करार दिया है। यहां-वहां कार्यक्रम के साथ उपभोक्ताओं का सम्मान हो रहा है और उन्हें विभाग की योजनाएं बताई जा रही है। इन सबके बावजूद कोरबा जिले के शहरी संभाग में सरकारी से लेकर व्यवसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं पर बिजली बिल के बकाए की रकम 136 करोड़ तक जा पहुंची है। खबर है कि समय के साथ बिल अदा न करने और वसूली पर ध्यान न देने से आंकड़ा यहां तक पहुंचा है।

वितरण कंपनी के सामने एक तरह से बकाया राशि का काफी हिस्सा मार्च 2026 तक वसूलना अपने आपमें अहम् चुनौती है। कंपनी ने मिशन बोड में इस काम को करने का संकल्प लिया है लेकिन सफलता कितनी मिलेगी, कह पाना मुश्किल है। वितरण कंपनी के शहर संभाग के अंतर्गत नगर निगम का संपूर्ण क्षेत्र शामिल किया गया है। इसमें छोटे-बड़े उद्योग से लेकर सरकारी विभाग और आम उपभोक्ता शामिल हैं। पहले से मौजूद कनेक्शनों के अलावा नए कनेक्शनों की बड़ी संख्या ऐसी है जो नियमित रूप से कंपनी को बिजली बिल का भुगतान करने के मामले उदासीन हैं। बताया गया कि लगातार बिजली बिल का भुगतान न करने से जहां उपभोक्ताओं पर पेनाल्टी पड़ती है वहीं इसी के समानांतर बकाया की राशि में इजाफा होता है। ऐसे में दबाव पड़ने पर दो ही विकल्प होते हैं। मीटर उखाड़ो या फिर डिस्कनेक्शन करो। खबर के अनुसर 136 करोड़ के बकाया में कुछ मामले तो लाखों के हैं और बहुत सारे विभागों का बकाया करोड़ से पार हो गया है। तमाम कोशिशों के साथ कंपनी ने प्लानिंग की है कि कम से कम अगले महीने समाप्त हो रहे मौजूदा वित्तीय वर्ष तक बकाया का अच्छा-खासा हिस्सा वसूल कर लिया जाए। उसने तय किया है कि कई स्तर पर ऐसी टीमें गठित करते हुए उपभोक्ताओं को मैनुअली व ऑनलाइन भुगतान के लिए तैयार किया जाए। उन्हें जागरूक किया जाएगा कि समयबद्ध भुगतान से लाभ क्या हैं और अनदेखी से करने किस प्रकार के टेंशन हो सकते हैं।

### सिफारिश में राहत का विकल्प

खबर के अनुसार वितरण कंपनी को नेताओं की सिफारिश का भी ध्यान रखना पड़ता है। इसके अंतर्गत मंत्री और मेयर के फोन अथवा लिखित गारंटी प्राप्त होने पर संबंधित उपभोक्ताओं को राहत दी जाती है। एक समय तक बकाया होने पर भी उनके मामलों में डिस्कनेक्शन जैसी कार्यवाही करने से कंपनी बचती है। हालांकि सीधे तौर पर अधिकारी बोलने से बचते हैं, लेकिन उनका कहना है कि सरकार और प्रशासन के खिलाफ हम कैसे जा सकते हैं।

# बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य पकड़ाए

**कोरबा।** स्थानीय पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले सिंडिकेट से जुड़े तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह लोग रैकी करने के बाद विभिन्न क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को अंजाम देते थे। बताया कि आरोपी कोरबा जिले के अलग-अलग क्षेत्र के रहने वाले हैं जिन्होंने कुछ समय पहले ही एक चोर गिरोह को ज्वाइन किया था। गिरोह के साथ रहते हुए उन्होंने कई तरह की तकनीक को समझा और इस पर काम करना शुरू किया। सिंडिकेट के सदस्यों के द्वारा यहां वहां से चोरी कर लाई जाने वाली बाइक के बदले उन्हें एक अच्छी प्रोत्साहन राशि दी जाती थी जबकि सिंडिकेट का संचालक मोटी रकम में ऐसी गाड़ियों को बेच देता था। यहां वहां पर हुई घटनाओं के बाद कुछ मामले पुलिस के पास पहुंचे और जांच पड़ताल तेज की गई। एक सूचना के आधार पर पुलिस स्थित आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनसे काफी अहम जानकारी मिली। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

# बरेठ समाज को मजबूत करने हो रहा प्रयास

**कोरबा।** बरेठ समाज के जिलाध्यक्ष एनएल बरेठ ने बताया कि समिति गठित होने के बाद समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी सदस्य सहयोग कर रहे हैं। समाज को आगे बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा युवक-युवती परिचय सम्मेलन कराने के लिए सभी लोगों से सुझाव लिए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष जिले में बरेठ समाज का सम्मेलन होता है। इसके अलावा समाज की समस्याओं को भी निपटाने के लिए प्रयास किये जाएंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष व मिलापराम भी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

### हाई स्कूल में साइकिल वितरण

**कोरबा।** रजगामार स्थित हाईस्कूल में कल साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत, लक्ष्मी श्रीवास, कमलेश अनंत सहित शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी क्षेत्रों में छात्राओं को सायकल दिए जाने का काम लगातार हो रहा है। जमनीपाली स्कूल में भी सायकल वितरण किया गया था। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र देवांगन उपस्थित थे।

# मुख्य मार्ग पर पुलिस की पैदल पेट्रोलिंग

### सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**कोरबा।** शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार शाम पुलिस अधिकारियों ने शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों पर पैदल पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एडिशनल एसपी लखन पटले, सिटी एसपी प्रतीक चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर चौक से लेकर पाम मॉल तक पैदल मार्च करते हुए क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और यातायात व्यवस्था की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। पेट्रोलिंग में रामपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल, मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव सहित ट्रैफिक पुलिस की टीम भी शामिल रही। अधिकारियों ने मार्ग में मौजूद लोगों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक भी लिया और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की पैदल पेट्रोलिंग से अपराधियों में भय का माहौल बनता है और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने में भी यह पहल सहायक साबित हो रही है।

पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



सरस्वती हायर सेकेंडरी विद्यालय में गौ सेवा संगम का आयोजन छत्तीसगढ़ गौ संवर्धन संरक्षण समिति की ओर से किया गया। इसमें कई आयाम जोड़े गए। समापन पर जिला संयोजक चंद्रप्रकाश अग्रवाल और सहयोगी ने डीईओ तामेश्वर उपाध्याय को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# एक अप्रैल से मनरेगा विदा, पेंडेंसी दूर करने में जुटा सरकारी अमला

### इधर, मनरेगा महासंग्राम में कांग्रेस ने दिखाई ताकत

**कोरबा।** पश्चिम बंगाल में सामने आए सैकड़ों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार और देश के कई अन्य राज्यों से मिली गंभीर शिकायतों के बाद केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की तैयारी कर ली है। इसके स्थान पर केंद्र सरकार की नई महत्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत-रामजी योजना' को लागू किया जा रहा है, जो 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में प्रभावी होगी।

इसी क्रम में कोरबा जिला प्रशासन ने भी मनरेगा को औपचारिक रूप से विंड-अप करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पहले मनरेगा से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों, भुगतान और फाइलों के निपटारे पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कोरबा जिले की जिला पंचायत सहित पांचों जनपद पंचायत कार्यालयों में मनरेगा से जुड़ी टीमें लगातार काम कर रही हैं। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जैसे ही नई योजना लागू होगी, ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकांश कार्य 'विकसित भारत-रामजी योजना' के प्रावधानों के अंतर्गत किए जाएंगे। इसी कारण मनरेगा से संबंधित सभी पुराने मामलों को तेजी से निपटाया जा रहा है। मनरेगा को समाप्त किए जाने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने कोरबा सहित देवघर जैसे जिलों में 'मनरेगा बचाव महासंग्राम' छेड़ रखा है। जगह-जगह धरना-प्रदर्शन, सभाएं और रैलियां आयोजित की जा रही हैं। हालांकि, जिस रफ्तार से सरकारी कार्यालयों में मनरेगा की औपचारिक विदाई की तैयारी और पेंडेंसी समाप्त करने की कार्रवाई चल रही है, उसे देखकर यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि कांग्रेस के विरोध का फिलहाल कोई ठोस असर प्रशासनिक स्तर पर नजर नहीं आ रहा। केंद्र सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि आने वाले समय में रोजगार और ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को नई योजना के तहत अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। ऐसे में मनरेगा का अध्याय अब अंतिम दौर में पहुंचता दिखाई दे रहा है।

# राजस्थान ने दिल्ली को पटखनी देकर जीती ट्राफी



### नेशनल ओपन चैलेंज कबड्डी ने बनाई पहचान

**कोरबा।** नेशनल ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता 2026 में करपिहा कोटा राजस्थान की टीम ने नई दिल्ली को जबरदस्त तरीके से पटखनी दी और विजेता की ट्राफी जीत ली। प्रतियोगिता में चार राज्यों की टीमों ने भागीदारी की और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

कोरबा जिले के बतारी पंचायत में यह कबड्डी प्रतियोगिता बड़े स्तर पर आयोजित की गई। दर्शकों को यहां खिलाड़ियों के दांव-पेंच देखने को मिले। प्रतियोगिता के तृतीय स्थान पर छत्तीसगढ़ पाली की टीम को मिला। चतुर्थ स्थान पर चिंगराजपारा बिलासपुर के टीम को स्थानीय दर्शकों का भरपूर जनसमर्थन मिला। खेल समारोह में उत्साह, खेल भावना और खेल प्रेमियों का भारी जनसमर्थन मिला। समापन समारोह में प्रदेश के केबिनेट स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन तथा विधायक प्रेमचंद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब की टीमों ने भाग लेकर उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कबड्डी संघ पाली के अध्यक्ष राजकुमार राज एवं पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन भी सिखाते हैं। आज के युवाओं को नशे और नकारात्मकता से दूर रहकर खेलों से जुड़ना चाहिए, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। ऐसे आयोजनों से गांवों की छिपी प्रतिभाएं सामने आती हैं और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। ग्राम पंचायत बतारी के सरपंच आयोजन समिति के प्रमुख राजूलाल श्रोते ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, आयोजन समिति, ग्रामवासियों एवं खेल प्रेमी दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

### युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शर्मा करेंगे दौरा

**कोरबा।** आज भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक रखी गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को बुलाया है। नई कार्यकारिणी बनाने के लिए मंडलों का दौरा किया जाएगा। मंडलों के सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में सुभाष राठौर, पियुष अग्रवाल, रवि साहू, मुकेश कौशिक, किशन केशरवानी, जयगर्ग, अनुराग दुलानी, दिनेश तिवारी सहित सभी कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनसे राय ली जाएगी। युवा मोर्चा को काफी मजबूत बनाना मुख्य उद्देश्य है। सक्रिय कार्यकर्ता अपनी राय प्रस्तुत करेंगे।

### जीएम कार्यालय के सामने होगा प्रदर्शन

**कोरबा।** कोल इंडिया में 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल से पहले इकाईयों में प्रदर्शन किये जा रहे हैं। कल कोरबा पूर्व स्थित जीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किये जाएंगे। इस प्रदर्शन में अनूप सरकार, प्रवीण रजक, अनिल सिंह, नवीन सिंह, मनोज कटेलिहा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसी तरह कोरबा पूर्व केन्द्रीय कर्मशाला के सामने भी कल कोयला कामगार प्रदर्शन करेंगे। जिसमें दिलीप सिंह, संतोष टंडन, दूजराम मिलन, राजेश पांडेय, डीपी लहरे, दिनेश साहू, अब्दूल माजिद, गिरीवर राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता भाग लेंगे। रजगामार क्षेत्र में श्रमिक संगठन हड़ताल की व्यापक तैयारी कर रहे हैं। यहां पर कमरबक्श, रामनाथ कश्यप, राजेश साहू, विशाल मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है।

### अमरैयापारा में 16 से शिव महापुराण कथा

**कोरबा।** महिला समिति के द्वारा अमरैयापारा के नवधा चौराहा पर शिव महापुराण कथा का शुभारंभ 16 फरवरी से किया जा रहा है। खरसिया के चंदनकृष्ण शास्त्री के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन की तैयारियां जारी है।

### धर्मसेना कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**कोरबा।** धर्मसेना कार्यकर्ताओं की बैठक परसुराम भवन में आयोजित की गई। कार्यकारिणी विस्तार के लिए चर्चा करते हुए वरिष्ठ नेता विष्णु पटेल से सलाह मशवरा की गई। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यशाला लगाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यशाला लगाने के लिए जिम्मेदारी दी जा रही है। जिला संयोजक साकेत शर्मा सत्यप्रकाश मिश्रा, मोहित बाधवानी, अनिल निषाद, प्रकाश शर्मा, राधेश्याम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में किये गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। आने वाले दिनों में सभी क्षेत्रों में तेजी के साथ काम होंगे।

### बैठक कल

**कोरबा।** पं. धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा शहर में चैत्र प्रतिपदा से होगी। जश्न रिसॉर्ट में 11 फरवरी को सुबह 11 बजे से इसके लिए बैठक रखी गई है।

**किराए पर देना है**

कोरबा बुधवारी बाजार के पास एचआईजी-4 नेहरू नगर स्किन केयर क्लीनिक के ऊपर प्रथम तल सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए पर देना है।

संपर्क करें

मो. नं.-98263 89894







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com